दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




नई दिल्ली।। रविवार 09 जून -2024 | वर्ष: 8 अंक: 240 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य: ₹3




## दिल्ली में दो दिन तक रहेगा नो फ्लाइंग जोन

# पीएम मोदी का शपथग्रहण आज

## समारोह में 7 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को किया गया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे शपथ ग्रहण को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने रविवार से दो दिन (9 व 10 जून) तक राष्ट्रीय राजधानी को उड़ान प्रतिबंधित क्षेत्र (नो फ्लाइंग जोन) घोषित किया है। इस दौरान पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, हॉट एयर बलून, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट और रिमोट से संचालित विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध रहेगा। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए बताया कि ऐसी सूचना है कि भारत विरोधी कुछ आपराधिक, असामाजिक तत्व या आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि दिल्ली क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित करने के साथ इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के पास ड्रोन और लेजर बीम गतिविधियों को रोकने के लिए भी निषेधाज्ञा लागू की गई है। बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस व सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। किसी भी




अनधिकृत वाहन को सुरक्षा क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिए गहन जांच की जा रही है।

### समारोह में शामिल होने वाले विशेष मेहमान

नरेंद्र मोदी रविवार को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इस समारोह को भव्य बनाने की पूरी तैयारी चल रही है। इसके लिए पड़ोस के 7 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू सहित पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के नेता 9 जून को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए इन नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी ₹पड़ोसी फर्स्ट₹ नीति के तहत हो रही है।

शेख हसीना और मुइज्जू के अलावा समारोह में शामिल होने वाले अन्य नेताओं में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं।

बयान में कहा गया है कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के अलावा ये नेता रविवार शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगे।

### गाजियाबाद के ये चेहरे आज होंगे पीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल

मोदी सरकार 3.0 का शपथग्रहण समारोह आज दिल्ली में शाम साढ़े सात बजे आयोजित होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का निमंत्रण गाज़ियाबाद के चुनिंदा नेताओं को मिला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज आयोजित होने जा रहे शपथ ग्रहण समारोह में सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल, एमएलसी दिनेश गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, ज़िला अध्यक्ष सतपाल प्रधान शामिल होंगे।

## क्या लोकसभा सांसद अतुल गर्ग कर पाएंगे जनरल वीके सिंह का इतिहास रिपीट

## क्या मोदी कैबिनेट में मिलेगी जिम्मेदारी और खेलेंगे वो केन्द्रीय मंत्री वाली पारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज केन्द्र सरकार का गठन हो रहा है। आज कैबिनेट की घोषणा होगी और ये लिस्ट भी बाहर आयेगी कि कौन कौन से सांसदों को सरकार में लिया गया है यानी उन्हें मंत्री बनाया गया है। इसी के साथ भगवागढ़ यानी गाजियाबाद में ये चर्चा शुरू हो गई है कि क्या तीन लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतने वाले अतुल गर्ग यहां से दो बार सांसद रहे जनरल वीके सिंह का इतिहास रिपीट कर पायेंगे।

जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से दो बार सांसद रहे और दोनों ही बार वो सरकार में रहे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री वाली पारी खेली है। वो पहली बार वर्ष 2014 में चुनाव लड़े और उन्हें पहला चुनाव जीतने के बाद केन्द्र सरकार में मंत्री बनाया गया। वो दूसरी बार सांसद बने और दूसरी बात भी उन्होंने मंत्री वाली पारी खेली। अब सवाल ये है कि अतुल गर्ग क्या इस हिस्ट्री को रिपीट कर पायेंगे। क्या वो मोदी कैबिनेट में स्थान बना पायेंगे। आज मंत्रीमंडल का गठन है और सभी की निगाहें अतुल गर्ग पर हैं। क्योंकि वो सरप्राईज देते हैं और अतुल गर्ग के समर्थक भी और अतुल गर्ग के सियासी विरोधी भी इस बात पर नजर रखेंगे। जनरल वीके सिंह दूसरी पारी में तब मंत्री रहे जब पहली पारी में उनके साथ मंत्री रहे नोएडा के सांसद डॉ महेश शर्मा और बागपत के सांसद सतपाल सिंह मंत्री वाली पिच से आउट हो गये थे। आज का दिन अहम रहेगा और साहब के समर्थकों की निगाह रहेगी। अगर सरप्राईज दिया तो भी और अगर सरप्राईज नहीं दिया तो भी।

### टॉप थ्री वाले अतुल गर्ग की हिस्ट्री बताती है मिलना चाहिए स्थान

करंट क्राइम। यदि गाजियाबाद लोकसभा देखें तो यहां पहली बार में अतुल गर्ग ने लोकसभा का टिकट लिया और पहली बार में वो शानदार तरीके से जीते। राहुल गांधी के बाद दूसरे ऐसे सांसद हैं जिन्हें सर्वाधिक वोट मिले हैं। वो यूपी के टॉप थ्री वोट हासिल करने वाले सांसद हैं। ऐसी सीट पर टिकट लेकर आये जो तीन योजनाओं से वीवीआईपी सीट घोषित थी। जब जनरल वीके सिंह का टिकट कटा तो यही चर्चा थी कि यहां से कोई बड़ा नेता चुनाव लड़ेगा। कई नाम भी चर्चा में थे लेकिन अतुल गर्ग ने सभी को सरप्राईज दिया और टिकट लेकर आये। जनरल वीके सिंह पहली बार लोकसभा लड़े और जीते तो अतुल गर्ग भी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़े और रिकार्ड वोट से जीते। पहली बार की बात करें तो वो पहली बार विधायक बने और पहली बार ही उन्हें सरकार में मंत्री बनाया गया। वो उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री से लेकर उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री रहे हैं। लिहाजा अगर बात पहली बार की है तो मंत्री मंडल में स्थान मिलना चाहिए और अगर बात सरप्राईज की है तो वो ऐसा कर सकते हैं।

## जब बड़े पुलिस अधिकारी के खिलाफ बैठक और सांसद-विधायकों की फोटो हुई आउट

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सांसद अतुल गर्ग ने कहा सामान्य बैठक थी और नहीं है कोई डाउट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को एक फोटो वायरल हुआ और इस फोटो के साथ एक विज्ञप्ति भी आई। विज्ञप्ति में एक बड़े पुलिस अधिकारी के नाम का जिक्र था। विज्ञप्ति में कानून व्यवस्था का जिक्र था, अपराधों की फिक्र थी। खास बात ये थी कि एक बड़े पुलिस अधिकारी को निशाने पर लिया गया था और जनप्रतिनिधियों के साथ उनके दुर्व्यवहार का जिक्र था। इस विज्ञप्ति में सुरक्षा की बात थी। ब्रेकिंग न्यूज से भेजी गई इस विज्ञप्ति में इस बात का जिक्र था कि अगर विधायकों की सुरक्षा नहीं लौटाई गई तो सांसद और विधायक अपनी सुरक्षा लौटा देंगे। कहा गया था कि जनप्रतिनिधि पुलिस के इन बड़े अधिकारी का बॉयकाट कर देंगे। इस विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री से किसी मुलाकात का जिक्र है और सबसे बड़ी बात ये कि इस विज्ञप्ति के साथ एक फोटो भी आया जिनमें लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर के साथ लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर भी बैठे है। इस प्रेस नोट में यहां तक भी बताया गया है कि अब कमिटमेंट भी हो गया है और मुलाकात हेतु कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप को अधिकृत किया गया है। सरकार के विधायक सरकार के सासंद, सरकार के मंत्री आमतौर पर अगर ऐसी कोई राय बनाते भी हैं तो इसे वो प्रेस नोट के रूप में बाहर नहीं भिजवाते हैं।

ये ऐसी विज्ञप्ति थी जिसमें कैबिनेट मंत्री से लेकर सांसद के मौजूद होने का जिक्र है और निशाने पर पुलिस अधिकारी है। दैनिक करंट क्राइम ने पूरा मामला जानने के लिए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। उनसे पूछा कि यह पूरा मामला क्या है। तो उन्होंने अपनी राय रखी और कहा कि यह तो विधायकों और हमारे नव निर्वाचित सांसद अतुल गर्ग के बीच अनौपचारिक बैठक थी। कोई मीटिंग नहीं हुई और सामान्य चाय पर चर्चा हुई। जो भी बातें हुई वो सामान्य हुईं और जो विज्ञप्ति की भाषा है उसे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने खारिज किया।



### यह एक सामान्य मुलाकात थी और केवल चाय पर बैठे थे सब साथ : सुनील शर्मा

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने फोटो की पुष्टि की और कहा कि किसने विज्ञप्ति जारी की और क्या कहा है मैं इस पर फोकस नहीं कर रहा हूं लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूं कि हम सभी एक जनपद के जनप्रतिनिधि और मंत्री एक साथ बैठे थे। चुनाव प्रचार के दौरान सभी बाहर रहे और बीते कई दिनों से मिलना नहीं हुआ। इसलिए यह चाय पर चर्चा थी और कोई औपचारिक बैठक नहीं थी। सीटों पर परफोर्मेंस को लेकर चर्चा हो रही थी। विधायकों की सुरक्षा को लेकर जरूर विषय आया था और इसे भी सामान्य रूप से रखा गया था और ये था कि इस विषय पर भी बात कर ली जायेगी। कुल मिलाकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विज्ञप्ति के आक्रामक शब्दों वाले तेवरों को अपने शब्दों से कोई धार नहीं दी। वो प्रोटोकॉल में रहे और उन्होंने कहा कि सिर्फ चाय पर चर्चा थी और इसके अलावा कोई खास चर्चा नहीं हुई।

### कोई रणनीति नहीं बनी और ये थी एक सामान्य बैठक : अतुल गर्ग

करंट क्राइम। शहर विधायक तथा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी इस मीटिंग में मौजूद थे। अतुल गर्ग ने कहा कि चुनाव प्रचार के चलते मुलाकात नहीं हो पाई थी। इसलिए सभी जनप्रतिनिधि एक साथ मिलकर बैठे थे और सबसे बड़ी बात ये है कि इस बैठक में अनौपचारिक बातें हुई और किसी प्रकार की कोई रणनीति नहीं बनी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सामान्य रूप से लोकसभा सांसद, विधायक, कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री मिलकर बैठे थे। इतनी जरूर चर्चा हुई थी कि कुछ विषय सामने आये थे और उनको लेकर भी ये राय बनी थी कि इन्हें उचित स्थान पर उचित समय पर रखा जायेगा। जिस तरह की बातें विज्ञप्ति में बताई गई हैं और ऐसा कुछ नहीं हुआ था। केवल सामान्य बातों पर सामान्य तरीके से बात हुई थी।

## शहर के नालों की सफाई में सभी नागरिक करें सहयोग : महापौर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम क्षेत्र के तमाम छोटे-बड़े नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर पांचों जोन में चलाया जा रहा है। बड़े स्तर पर नालों की सफाई का कार्य महापौर सुनीता दयाल के हस्तक्षेप के बाद मानसून से पहले कराया जा रहा है जिससे शहर में मानसून आने पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी और पूर्व के वर्षो की भांति शहर जलमग्न नहीं होगा।

महापौर सुनीता दयाल ने निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से इस कार्य में अपना अमूल्य सहयोग देने की अपील की है। महापौर ने कहा है कि प्रायः देखा गया है कि लोग नालों में कूड़ा करकट, गन्दे कपड़े, प्लास्टिक व अन्य सामान फेंक देते हैं जिसके कारण नाला चोक हो जाता है। इसके अलावा शहर में अधिकांश नालों पर अतिक्रमण भी है जिस कारण नालों की सफाई नियमित एवं ठीक से नहीं हो पाती है। महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों से कहा है कि नाले शहर से गन्दे पानी को बाहर ले जाने के लिए बनाये जाते हैं लेकिन हम लोग नाले पर अतिक्रमण कर लेते हैं और नाले में गंदगी डालते रहते हैं चाहे किसी भी प्रकार का कूड़ा करकट हो उसे नाले में डाल देते हैं जिसके कारण नाले चोक होते जा रहे हैं, नियमित सफाई करने में परेशानी होती है और मानसून आने पर शहर जलमग्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार नालों की सफाई का कार्य समय से और अच्छे से किया जा रहा है परन्तु नालों की सफाई में शहरवासियों के सहयोग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

शहरवासी अपने आवास एवं अधिष्ठानों के बाहर की जिम्मेदारी स्वयं लें, अतिक्रमण है तो उसे स्वयं हटाकर नाले की सफाई ठीक से करवाएं और किसी भी प्रकार का कूड़ा करकट नाले में न डालें।





### नालों में कचरा एवं अन्य गंदगी न डालने की जनता से की अपील

### नालों से अतिक्रमण स्वयं हटाकर अच्छे नागरिक होने का दें परिचय


## भाजपा नेतृत्व को ये अहंकार है कि हम जिसे चाहेंगे उसे नेता बना देंगे : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनावों के नतीजे के बाद भाजपा सरकार भले ही बना रही है लेकिन उसके ही नेता अब अपनी समीक्षा कर रहे हैं। इस समीक्षा में मुख्य रूप से कार्यकर्ता की अवहेलना और कुछ बड़े चेहरों को लेकर बाते हो रही हैं। ऐसे में पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कई दिनों के बाद सोशल मीडिया पर अपनी चुप्पी तोड़ी। बालेश्वर त्यागी गाजियाबाद के उन भाजपा नेताओं में है जिन्होंने संगठन देखा है, जिन्होंने सरकार देखी है। वो ऐसे नेता हैं जिन्होंने पक्ष देखा है विपक्ष देखा है। बालेश्वर त्यागी राजनीति की वो शख्यिसत हैं जिन्होंने सियासत की मुख्य धारा में बह कर देखा है और खुद को हाशिये पर भी देखा है। राजनीति का एक पूरा युग देखा है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो जब किसी मुद्दे पर लिखते हैं तो फिर किसी की नाराजगी या किसी की खुशी की परवाह नहीं करते। बल्कि वो मुद्दे पर फोकस करते हैं और बिना लागलपेट के अपनी बात रखते हैं। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सोशल मीडिया पर आये। उन्होंने इस बार अपने शब्दों की धार पर भाजपा नेतृत्व को रखा और उन्होंने लिखा कि भाजपा नेतृत्व को ये अहंकार है कि हम जिसे चाहेंगे नेता बना देंगे। इसलिए जिन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा या कभी चुनाव जीता नहीं वे चुनाव जीतने के टिप्स बता रहे हैं। वे ही चुनावों का संचालन कर रहे हैं। आप अच्छे मैनेजर तो बना सकते हो, लेकिन जन नेता तो संघर्षों से पैदा होता है। एमएलए, एमपी को अहंकार है कि वोट तो मोदी योगी के नाम पर मिलता है इसलिए जनता जाय भाड़ में! बस टिकट बचाने का जुगाड़ करते रहो। कार्यकर्ता चाहता है कि मोदी जी तो प्रधान मंत्री बने लेकिन हमारा प्रत्याशी हार जाय। बेचारा भगवान भी इतनी विविध इच्छाओं को एक साथ कैसे पूरा कर सकता है? कस्तूरी कुंडल बसै, मृग ढूढे बन मांहि, ऐसे सारे घर-घर बसे नेता को दिखत नाही! कुल मिलाकर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के शब्दों में आज की भाजपाई सियासत का सार है। खास बात ये है कि उन्होंने किसी व्यक्ति विशेष को नाम लेकर टारगेट नहीं किया है और जो हालात हैं उनको बताया है। उन्होंने लिखा है कि विधायक और सांसद इस बात के अहंकार में है वोट तो मोदी योगी के नाम पर मिलता है और कार्यकर्ताओं के मन में ये इच्छा तभी तो आई होगी जब उनकी बात को विधायक सांसद ने सुना नहीं होगा।

तब मन में ये इच्छा प्रबल हो उठी होगी कि ये चुनाव हार जायें लेकिन उसकी आस्था है कि नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनें। कुल मिलाकर बालेश्वर त्यागी ने अपने शब्दों से एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व के फैसलों पर सवाल उठाया है। उन्होंने भाजपा के विधायकों, भाजपा के सांसदों के व्यवहार पर सवाल उठाया है।



### क्यों कहा बालेश्वर त्यागी ने कि भगवान भी विविध इच्छाओं को नहीं पूरा कर सकता



Baleshwar Tyagi
3 h ·

भाजपा नेतृत्व को ये अहंकार है कि हम जिसे चाहेंगे नेता बना देंगे। इसलिए जिन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा या कभी चुनाव जीता नहीं वे चुनाव जीतने के टिप्स बता रहे हैं।वे ही चुनावों का संचालन कर रहे हैं।आप अच्छे मैनेजर तो बना सकते हो ,लेकिन जन नेता तो संघर्षों से पैदा होता है। एमएलए ,एमपी को अहंकार है कि वोट तो मोदी योगी के नाम पर मिलता है इसलिए जनता जाय भाड़ में ! बस टिकट बचाने का जुगाड़ करते रहो।कार्यकर्ता चाहता है कि मोदी जी तो प्रधान मंत्री बने लेकिन हमारा प्रत्याशी हार जाय।

बेचारा भगवान भी इतनी विविध इच्छाओं को एक साथ कैसे पूरा कर सकता है ?

कस्तूरी कुंडल बसै ,मृग ढूढे बन माहि
ऐसे सारे घर घर बसे नेता को दिखत नाही!

Anil Singh Khera and 35 others 6 comments 7 shares

# लोकसभा चुनाव के बाद एक्शन में योगी, मंत्रिमंडल की बैठक, काम में तेजी लाने के निर्देश



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद योगी मंत्रिमंडल की शनिवार को पहली बैठक हुई। इस दौरान सभी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से उनके विभाग के कामकाज के बारे में जानकारी ली और राज्य में चल रही योजनाओं को और तेज गति से बढ़ाने के निर्देश दिए। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य को उत्तम प्रदेश बनाने और गुड गवर्नेंस पर चर्चा की। सभी मंत्रियों को उनकी जिम्मेदारी का निर्वाह करने, प्रभार जनपदों और क्षेत्र पर ध्यान देने को कहा गया। विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आज सभी मंत्रियों के साथ बैठक की उसमें उनके विभाग में चल रही योजनाओं की क्या स्थिति है, इस पर रिपोर्ट मांगी। दो माह आचार संहिता के कारण रुके कामों को कैसे तेज गति प्रदान की जाए, इस पर भी चर्चा हुई। यह जो टाइम खराब हुआ है, उसे कैसे रिकवर करना है, इस पर भी चर्चा हुई है। इसे रूटीन बैठक कह सकते हैं। जयवीर सिंह ने कहा कि अब हम अपने विभाग की समीक्षा करेंगे इसके लिए बैठक बुलाएंगे। सारे रुके हुए काम तेजी से शुरू होंगे। अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आजाद ने बताया कि जनता से जुड़े मुद्दे बिना देरी के सुलझाए जाएं, जनसुनवाई करें। जनता की हर शिकायत का निस्तारण करें। आचार संहिता के कारण रुके कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने पर उन्हें बधाई दी गई। घोसी सीट पर मिली हार का कारण उन्होंने सपा और कांग्रेस के संविधान को लेकर झूठ फैलाना बताया। विपक्ष सिर्फ अफवाह फैला रहा है। तीसरी बार एनडीए की सरकार न सिर्फ बनने जा रही है, बल्कि और अच्छी तरह से चलेगी। मंत्री संजय निषाद ने कहा, नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। इससे देश में खुशी की लहर है। लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन पर कहां चूक हुई, उस पर चर्चा कर सुधार किया जाएगा। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री तेजी से काम में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री ने दिल्ली से लौटते ही अधिकारियों के साथ बैठक की थी। कानून व्यवस्था सख्त करने के निर्देश दिए थे। इसके पहले उन्होंने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के साथ समीक्षा बैठक की थी। उन्हें विभाग में खाली पड़े पदों पर भर्ती करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया था।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को मिली तीसरी सबसे बड़ी हार : भाजपा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नई सरकार के गठन को लेकर सब कुछ तय हो चुका है। सदन में बहुमत प्राप्त एनडीए के नेता के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मनोनीत किए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को एक बार फिर पीएम पद की शपथ लेने जा रहे हैं। लेकिन चुनाव परिणाम को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच बयानबाजी का दौर लगातार जारी है। कांग्रेस द्वारा नैतिक हार का सवाल उठाने पर पलटवार करते हुए भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की तीसरी सबसे बड़ी हार हुई है और अगर उनमें जरा सी भी नैतिकता बची हो तो गांधी परिवार को कांग्रेस छोड़कर उससे दूर हो जाना चाहिए। सिरसा ने कहा कि कांग्रेस,



जिसमें खुद कोई नैतिकता नहीं बची है, वो नैतिकता के ऊपर ज्ञान बांट रही है। राहुल गांधी कांग्रेस की जीत का श्रेय ले रहे हैं जबकि हैरानी इस बात की है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की तीसरी सबसे बड़ी हार हुई है और तीनों हार राहुल गांधी के ही प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष नेतृत्व में हुई है। कांग्रेस पार्टी की हालत यह है कि दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर उनके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। उनके नेता को दो सीटों से चुनाव लड़ना पड़ा और चुनाव नतीजे आते ही गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को छोड़कर भाग गई। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस को तीसरी सबसे बड़ी हार का सामना करने पर बधाई दे रहे हैं। यह भारत के लोकतंत्र की खूबसूरती भी है कि चुनाव जीतने वाले विनम्रता और नम्रता के साथ अपनी बात रख रहे हैं, वहीं चुनाव हारने वाले कूद-कूद कर नैतिकता की बातें कर रहे हैं। सिरसा ने आगे कहा कि राहुल गांधी अपने गिरेबान में जरा झांक कर देखें, कांग्रेस को तबाह करने वाले लोग वे ही हैं और अगर उनमें जरा सी भी नैतिकता बची है तो गांधी परिवार को कांग्रेस छोड़कर उससे दूर हो जाना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### विश्वेंद्र सिंह ने भरतपुर राजघराने के जेवरात चुराने का आरोप लगाते हुए पत्नी और बेटे के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने जारी पारिवारिक विवाद के बीच कथित तौर पर अपनी पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध पर चोरी का आरोप लगाते हुए भरतपुर के मथुरा गेट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। तत्कालीन भरतपुर राजघराने के सदस्य विश्वेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में कहा है कि मां-बेटे ने सोने और हीरे के करोड़ों रुपये के गहने चुरा लिए हैं जिन पर उनके परिवार का हक था। मामले पर विश्वेंद्र सिंह की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। उनसे संपर्क करने के सभी प्रयास विफल रहे।

### जेठ पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने जेठ पर अवैध संबंध का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। अवैध संबंध बनाने से इंकार करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला का आरोप है कि जेठ काफी समय से अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। शुक्रवार रात को आरोपी ने उसके साथ अवैध संबंध बनाने का दबाव डाला। इन्कार करने पर मारपीट करनी शुरु कर दी। जब उसे बचाने के लिए सास आई तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि जेठ काफी समय से अवैध संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है। अवैध संबंध ना बनाने पर जान से मारने की धमकी देता है। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि महिला की तहरीर पर सहदेव के नाम रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है आरोपी की तलाश की जा रही है।

### जलालाबाद रोड पर मिले शव की शिनाख्त मेरठ के लाखन के रूप में हुई

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव जलालाबाद के मुख्य मार्ग पर दो दिन पहले मिले एक युवक की शिनाख्त जिला मेरठ के गांव पोहल्ली निवासी लाइब्रेरी संचालक लाखन के रूप में हुई है। मृतक की मां ने मेरठ के कंकरखेड़ा थाने में तहरीर दे रखी थी। पुलिस प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या करने की बात बता रही है। बता दें कि छह जून दोपहर को गांव जलालाबाद के मुख्य मार्ग पर ट्यूबवैल के पास 26 वर्षीय एक युवक का शव पड़ा मिला था। सिर में गोली मारकर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को मृतक की शिनाख्त लाखन निवासी गांव पोहल्ली थाना कंकरखेड़ा जिला मेरठ के रूप में हुई है। मृतक लाइब्रेरी का संचालन करता था। मृतका की मां ने बह्मावती ने बताया कि वह पांच जून को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ था। जब वह लापता हुआ था तो उसके पास 1.30 लाख रुपए की नकदी ,कीमती मोबाइल फोन के अलावा सोने की चेन व अगूंठी थी। उन्होंने कंकरखेड़ा थाने में चार लोगों के खिलाफ हत्या करने की आशंका जताते हुए तहरीर दे रखी है। कंकरखेड़ा पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या की गई है।

### बिजली आपूर्ति से गुस्साई महिलाओं ने किया बिजली सब स्टेशन पर हंगामा

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते डिफेंस कॉलोनी में दो दिन तक बिजली ना आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कॉलोनी की महिलाओं ने निवाड़ी रोड स्थित बिजली सब स्टेशन पर जमकर हंगामा किया।

नगर की डिफेंस कॉलोनी में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई। तकनीकी दिक्कत के चलते डिफेंस कॉलोनी में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। दो दिन तक बिजली ना आने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बात से नाराज होकर कॉलोनी की महिलाएं एकत्र होकर निवाड़ी स्थित बिजली सब स्टेशन पर पहुंचीं और जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी कोई कर्मचारी बिजली ठीक करने नही पंहुचे। हंगामा बढ़ता देखकर महिलाओं को समझा बुझाकर शांत किया। एसडीओ कृष्ण मोहन ने बताया कि ट्रांसफार्मर को ठीक कराकर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी गई है।

### महिला को झांसे में लेकर जेवरात व नकदी ले गए बदमाश

**मोदीनगर, करंअ क्राइम।** एक महिला को झांसे में लेकर दो बदमाश सुनसान स्थान पर ले गए। सुनसान स्थान पर ले जाकर महिला से जेवरात व नकदी ठग लिये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी महिला चरन देवी खरीदारी करने के लिए नगर की गुरुद्वारा रोड बाजार में गई। वहां पर दो युवकों ने महिला को रोककर पता पूछा। इसके बाद युवकों ने महिला को अपनी बातों में उलझा लिया और डराकर सुनसान स्थान पर ले गए। सुनसान स्थान पर ले जाकर डर दिखाकर महिला से सोने के कुंडल व नकदी ठग लिये। किसी तरह महिला अपने घर पहुंची और आपबीती सुनाई। इसके बाद महिला परिजनों के साथ थाने में पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नगर में इस तरह की घटना में एकाएक इजाफा हो रहा है।

### युवक को मोबाइल की डमी देकर ठगे 15 हजार रुपए

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक को मोबाइल की डमी देकर 15 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जिला मेरठ के थाना मेडिकल की जागृति विहार कॉलोनी निवासी रोहित चौधरी ने बताया कि ऑनलाइन एक पुराना मोबाइल देखा था, जो पंसद आ गया। इसके बाद मोबाइल पर जब बात की गई तो उसने अपना नाम सुमित निवासी मोदीनगर बताया। फोन पर ही दोनों के बीच मोबाइल के लेनदेन की बात तय हो गई। इसके बाद उसने रोहित चौधरी को नमो भारत रैपिड ट्रेन के उत्तर स्टेशन के नीचे आने को कहा। रोहित चौधरी वहां पर तय समय पर पहुंच गए और उसी समय वह पहुंचा। युवक रोहित चौधरी को मोबाइल देकर चला गया और 15500 रुपए ले लिए। जब रोहित चौधरी ने डिब्बा खोला तो उसमें मोबाइल नहीं था, बल्कि डमी थी। इसके बाद रोहित को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी। पुलिस ने सुमित 9936607190 निवासी अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# संसद में उठाऊंगी महिला और युवा शक्ति की आवाज : शांभवी चौधरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में इस बार कई नए चेहरे संसद में चुनकर आए हैं। बिहार के समस्तीपुर लोकसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के टिकट पर शांभवी चौधरी राज्य की सबसे कम उम्र की सांसद चुनी गई। शांभवी चौधरी ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि परिवार और मेरा सपना था कि मैं सांसद बनूं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मैं अपने परिवार से तीसरी पीढ़ी की राजनेता बनी हूं। जनता ने मुझे चुना, इसके लिए धन्यवाद। पद मिलने के बाद क्षेत्र की जनता की जिम्मेदारियां हमारे कंधों पर है। मैंने अपने क्षेत्र में युवा शक्ति और महिला शक्ति के प्रतिनिधित्व की बात उठाई थी। मैं प्रयास करुंगी कि उनकी बुलंद आवाज को संसद में उठा सकूं। उन्होंने आगे कहा कि एलजेपी एक ऐसी पार्टी है, जिसका स्ट्राइक रेट 100 प्रतिशत रहा है। केवल इस चुनाव में नहीं, बल्कि 2014 और 2019 के चुनाव में भी जितनी सीटें मिली थी, सब जीती। मुझे




इतना विश्वास है कि अगर 5 की जगह 10 सीट भी मिलती, तो वो भी हम जीत जाते। बिहार के लोगों का हमारी पार्टी के सिद्धांतों पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान बिहार के लोकप्रिय नेता हैं। एनडीए के साथ हमेशा मजबूती से खड़े रहे हैं। हमारी पार्टी की तरफ से कोई डिमांड नहीं है। अगर चिराग पासवान जी को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलती है तो हम सब उनके साथ हिम्मत के साथ खड़े रहेंगे। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने के सवाल पर शांभवी चौधरी ने कहा कि अगर ऐसी डिमांड जनता कर रही है तो मैं मानती हूं कि एनडीए के सभी नेता एक साथ बैठ कर इस पर बात करें। एक बार जब सरकार बन जाएगी तो बिहार के सभी दल के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से राज्य के स्पेशल स्टेटस की मांग को लेकर मिल सकते हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि प्रधानमंत्री जी बिहार को आगे ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जितने भी वादे जनता से किए गए हैं, वो पूरे होने चाहिए। हमारी पार्टी ने बहुत मेहनत की है, हम सभी सीटों पर एक लाख वोटों से जीते हैं। लोगों की अपेक्षाएं हम सभी पर टिकी हुई हैं। कल प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी बताया कि अगले दस साल में क्या-क्या विकास होने वाला है। हम लोग भी यही चाहेंगे कि देश के साथ-साथ बिहार का भी विकास हो। अभी सारा फोकस सरकार बनाने पर है।

# मंडी में विक्रमादित्य सिंह ने कहा, हार के कारणों की होगी समीक्षा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के रिजल्ट को लेकर शिमला ग्रामीण कांग्रेस की अहम बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बड़ा बयान दिया है। मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस की हार पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। चुनाव परिणाम पर मंथन किया जाएगा। सरकार और संगठन को मिलकर



काम करना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर मोदी मैजिक नहीं चला, लेकिन हिमाचल में चल गया। प्रदेश में मिली हार के कारणों की समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि मजबूती से विकास के काम को जनता के बीच ले जाया जाए। जल्द ही सड़कों के रखरखाव, सुदृढ़ीकरण और पीएमजीएसवाई का काम पूरा होगा। सरकार और संगठन को मिलकर काम करना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर मोदी मैजिक नहीं चला, लेकिन हिमाचल में चल गया। प्रदेश में मिली हार के कारणों की समीक्षा होगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में देश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। हम हिमाचल प्रदेश के हितों की पैरवी करते रहेंगे। मंडी के लिए स्मार्ट सिटी लाने के लिए काम करेंगे। कंगना रनौत के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हमारी संवेदनाएं किसानों के साथ है, लेकिन अपनी बात रखने का यह कोई तरीका नहीं है। एयरपोर्ट पर सुरक्षा का जिम्मा जिन पर होता है, उनसे ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती। महिला जवान सीआईएसएफ पर की गई कार्रवाई का हम स्वागत करते हैं, लेकिन किसी को भी आतंकवादी कहना गैर जिम्मेदाराना बयान है।

# ग्रेस मार्क्स पाने वाले अभ्यर्थियों के रिजल्ट की फिर से होगी जांच, समिति गठित : एनटीए डीजी

नई दिल्ली। नीट 2024 के रिजल्ट में कथित तौर पर अनियमितता को लेकर जारी सियासत के बीच एनटीए के डीजी सुबोध कुमार सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले अभ्यर्थियों के परिणाम की दोबारा जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है और उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 मई को नीट की परीक्षा हुई थी और 4 जून को परीक्षा का रिजल्ट आया। कुछ अभ्यर्थियों ने रिजल्ट को लेकर सवाल उठाए थे। उन अभ्यर्थियों के सवालों को हल कर दिया गया है। ये देश की सबसे बड़ी परीक्षा थी। नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क पाने वाले 1500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के परिणाम को एक बार फिर से जांच करने के लिए समिति का गठन किया गया है। ये समिति परीक्षार्थियों की शिकायतों पर विश्लेषण करेगी और




समाधान करने की पूरी कोशिश करेगी। उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति ने कहा कि इस पूरे मामले पर हमारी समिति ने बैठक की और केंद्रों और सीसीटीवी के सभी विवरणों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि कुछ एग्जाम सेंटर्स पर समय की बबार्दी हुई और उम्मीदवारों को इसके लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए। समिति ने सोचा कि वे शिकायतों को दूर कर सकते हैं और छात्रों को मुआवजा दे सकते हैं। इसलिए कुछ छात्रों के अंक बढ़ाए गए। उन्होंने कहा कि हमने सभी चीजों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया और परिणाम जारी किए। इस तरह की समस्याएं 4750 में से 6 केंद्रों तक सीमित थी और 24 लाख में से केवल 1600 अभ्यर्थियों को इस समस्या का सामना करना पड़ा। छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने के कारण कुछ छात्रों की चिंताएं सामने आईं, क्योंकि कुछ उम्मीदवारों को 718 और 719 अंक मिले और 6 उम्मीदवार टॉपर बन गए। उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश में इस परीक्षा की शुचिता से समझौता नहीं किया गया है। नीट का कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। पूरी परीक्षा प्रक्रिया बहुत पारदर्शी रही है। हम परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को आश्वस्त कराना चाहते हैं कि उनकी चिंताओं को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# कर्नाटक जनजातीय निगम घोटाले में भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग

**बेंगलुरु।** महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के करोड़ों रुपये के गबन के मामले में कर्नाटक भाजपा ने शनिवार को सीबीआई जांच की मांग की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कर्नाटक भाजपा ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और पार्टी के अन्य नेता इस घोटाले में शामिल हैं। भाजपा ने कहा, कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकों से जुड़े मामले की जांच अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के तहत गठित एसआईटी द्वारा करना असंभव है। ऐसे में सीएम सिद्दारमैया को इस्तीफा देकर मामले की जांच सीबीआई को सौंप देनी चाहिए।" आगे कहा, "मामले में आठवें आरोपी ने कहा है कि जांच सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रही है। आरोपी ने अदालत में दायर याचिका में दावा किया है कि मामले की जांच कर रही एसआईटी ने बोर्ड के चेयरमैन, कांग्रेस विधायक बसवराज दद्दल के साथ उनकी बातचीत की आडियो को जब्त कर लिया है। आरोपी को अब सबूत नष्ट होने की आशंका है, और उसने अदालत से इसकी एक प्रति प्राप्त करने की गुहार लगाई है।" भाजपा ने कहा,




"आरोपी ने अदालत से यह भी अपील की है कि चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के कार्यालय और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के परिसर में रिकॉर्ड किए गए सबूत को भी नष्ट किया जा सकता है। आठवें आरोपी ने याचिका में यह भी कहा है कि असली दोषियों को बचाने के लिए उसे फंसाया गया है।" निगम में यह घोटाला चंद्रशेखरन (50) की आत्महत्या के बाद सामने आया, जो आदिवासी कल्याण बोर्ड में अकाउंट सुपरिंटेंडेंट के पद पर कार्यरत थे। उन पर कथित तौर पर बड़ी रकम को विभिन्न अवैध खातों में ट्रांसफर करने का दबाव बनाया गया था। यह आरोप लगाया गया कि धनराशि को तेलंगाना और अन्य राज्यों में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा उपयोग करने के लिए हैदराबाद भेजा गया था।

# टीआरएम पब्लिक स्कूल में री यूनियन कार्यक्रम आज



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** टीआरएम पब्लिक स्कूल के 2006 बैच के सभी छात्रों ने 18 साल बाद री यूनियन का प्लान बनाया। जिसका आयोजन आज 9 जून को किया जाएगा। स्कूल प्रशासन से भी सहमति मिल गई है।

वैभव बंसल 2006 बैच के छात्र ने बताया कि स्कूल के विनोद माहेश्वरी डायरेक्टर हैं। टीआरएम पब्लिक स्कूल की रजनी ओहरी वर्तमान में कार्यवाहक प्रिंसिपल हैं।

नौ जून का यह इवेंट बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस कार्यक्रगम को सफल बनाने कि लिये एक टीम का गठन किया गया है जिसके सदस्य आंचल मेहरा, सारिका गुप्ता, निशु बंसल, मानसी सिंहल, वैभव बंसल, आदित्य चौधरी, अभिषेक मित्तल व योगेश गौतम हैं।

# मोदीनगर के जीएसटी कार्यालय को गाजियाबाद किया स्थानांतरित व्यापारियों व अधिवक्ताओं में भारी रोष

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारी विरोध के कारण व शासन से रोक लगने के बाबजूद 40 वर्ष पुराने मोदीनगर स्थित जीएसटी कार्यालय को गाजियाबाद स्थानांतरित कर दिया गया है जिसको लेकर राज्य कर अधिवक्ताओं में भारी रोष है। अत्यधिक राजस्व की आपूर्ति व स्थानीय व्यापारी वर्ग के कड़े विरोध, लखनऊ मुख्यालय के अधिवक्ता संघों व व्यापारिक संगठनों को विश्वास में लेने के निर्देश के बावजूद प्रशासन द्वारा 6 जून की मध्यरात्रि को चोरी छुपे गाजियाबाद स्थांतरितकर दिया गया। जिसको लेकर राज्यकर अधिवक्ताओं में गहरा रोष है, उन्होंने इसे अत्यंत निंदनीय कृत्य कराकर दिया है। उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन लखनऊ के प्रांतीय को-चेयरमैन वर्कशॉप कमेटी एडवोकेट अरुण राघव ने बताया कि गाजियाबाद प्रशासन के इस उत्पीड़नात्मक कृत्य के विरुद्ध स्थानीय व्यापारी वर्ग व अधिवक्ता समाज में अत्यधिक रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि मोदीनगर कार्यालय के स्थानांतरण हेतु



मोदीनगर में ही स्थित तीन स्थान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय को चिन्हित करवाए गए थे, जिनमें से गाजियाबाद प्रशासन द्वारा गठित छः सदस्यीय कमेटी द्वारा हापुड़ रोड स्थित नगर पालिका परिषद के भवन को जीएसटी कार्यालय हेतु पूर्णरूपेण उपयुक्त मानते हुए कार्यालय के स्थानांतरण की अनुमति भी दे दी गई थी।। इस सबके बावजूद गाजियाबाद प्रशासन ने रात को चोरी छुपे कार्यालय को गाजियाबाद स्थानांतरित कर दिया। स्थानीय होटल में मोदीनगर के समस्त अधिवक्ता संगठनों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त अधिवक्ताओं ने एक स्वर से गाजियाबाद प्रशासन के इस व्यापार विरोधी कृत्य का विरोध किया तथा आंदोलन हेतु भावी रणनीति पर विचार किया। आरोप है कि आलाधिकारियों ने षड्यंत्र के तहत मोदीनगर जीएसटी के समस्त अधिकारी व कार्यालय स्टाफ को 10 दिन की छुट्टी पर भेज दिया है। बैठक में मुख्य रूप से सुनील माहेश्वरी, अरुण राघव, विपिन सिंघल, धीरज गोयल, आरिफ बेग, अजय माहेश्वरी, कुमोद माहेश्वरी, मनीष गर्ग, प्रमोद तंवर, अशोक यादव, संजय जैन, हेमंत तिवारी, प्रवीण गुप्ता, उपेंद्र शर्मा, प्रवीण माहेश्वरी व अंकित गर्ग इत्यादि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# ट्यूशन जा रही दस साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर की एक कॉलोनी में ट्यूशन जा रही दस साल की बच्ची के साथ बाइक सवार युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। बाइक सवार युवक एक सप्ताह के अंदर कई बच्चियों के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत कर चुका है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी बच्ची दोपहर के समय ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। आरोप है कि इसी बीच बाइक सवार युवक आया और बच्ची को अपना मामा बताकर अश्लील हरकत करने लगा। दस मिनट तक बच्ची से अश्लील हरकत करने के बाद आरोपी बाइक लेकर चला गया। डर के चलते बच्ची वापस अपने घर आ गई और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन वह नहीं मिला। परिजनों ने बताया कि दोपहर के समय कॉलोनी में बाइक सवार एक युवक आता है और बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करता है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...








# लगातार आ रही है समाजवादियों के बूथ की रिपोर्ट और बता रही है वोट

## सपाइयों के बूथ पर बहुत ही धीमी रही साइकिल की रफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हालांकि ये चुनाव गठबंधन में लड़ा गया और कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार उतारा और समाजवादियों ने गठबंधन में चुनाव लड़वाया।

ऐसे में अगर वोटों की बात करें तो ये तय नहीं हो पाता कि ये वोट कांग्रेस के माने जायेंगे या सपा के माने जायेंगे। लेकिन बूथ की बात करें तो सियासत में बूथ का वजूद चुनाव में सबसे अहम माना जाता है। पार्टियां पहले से नारा देतीं आईं है एक बूथ 20 यूथ और बड़े नेता ये कहते हैं कि तुम केवल अपना बूथ जिता लाना चुनाव पार्टी अपने आप जीत जायेगी। इसलिए बूथ की समीक्षा हो रही है और समाजवादियों के उन नेताओं के बूथ की रिपोर्ट बाहर आ रही है जो दावा कर रहे थे कि उनके बूथ पर गठबंधन उम्मीदवार जीतेगा। शहर से लेकर मुरादनगर और लोनी विधानसभा तक बूथ की रिपोर्ट चोट दे रही है। कम वोट मिले हैं और जीत हार का गुणा भाग लग रहा है।




चुनाव नतीजे के बाद समाजवादी नेताओं का पीछा ये बूथ का भूत नहीं छोड़ रहा है। एक दूसरे के बूथ देखे जा रहे हैं। परफोर्मेंस चैक हो रही है।

हालांकि कई नेता ऐसे हैं जो खुलकर अपने बूथ की जिम्मेदारी ले रहे हैं और अपने बूथ के आंकड़े बता रहे हैं।

दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों के लिए फिर से उन बूथों की रिपोर्ट लाया हैं जहां साईकिल की रफ्तार कम रही है।

### दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों के लिए फिर से उन बूथों की रिपोर्ट लाया है जहां साइकिल की रफ्तार कम रही है।






### वर्मा जी के बूथ पर डबल बैकअप के साथ डॉली शर्मा ने किया है सैकड़ा पार

करंट क्राइम। समाजवादी वर्मा जी का मुरादनगर का बूथ मुरादनगर विधानसभा में आता है। वर्मा जी का बूथ संख्या 422 है। यहां सपा और कांग्रेस के डबल बैकअप के साथ डॉली शर्मा ने 103 वोट हासिल किये हैं। मगर यहां चोट ये लगी है कि भाजपा के अतुल गर्ग ने डबल बैकअप उम्मीदवार को पछाड़ते हुए वोट की ट्रिपल संेचुरी लगाई है और चौथे शतक से 15 रन दूर रह गये। यहां अतुल गर्ग को 385 वोट मिले हैं।

### यूथ वाले यादव जी के बूथ पर हुई है फूल और गठबंधन के बीच फाइट

करंट क्राइम। यूथ वाले यादव जी मुरादनगर विधानसभा में आते हैं। उनका बूथ संख्या 504 है और उनके बूथ पर बीजेपी को भले ही ज्यादा वोट मिले हैं लेकिन यहां गठबंधन और फूल के बीच फाईट हुई है।
यहां पर भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग को अगर 216 वोट मिले हैं तो गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को 179 वोट मिले हैं।

### चौधरियों के बूथ पर चली है कमल की चौधराहट

करंट क्राइम। समाजवादी चौधरी के बूथ पर कमल की चौधराहट चली है। बड़े चौधरी से लेकर छोटे चौधरी के बूथ पर कमल मजबूत रहा है। चौधरी साहब का बूथ संख्या 949 है। यहां पर अतुल गर्ग को 230 वोट मिली हैं जबकि डॉली शर्मा को केवल 83 वोट मिले हैं। ये साहिबाबाद का बूथ है। इसी तरह बड़े वाले चौधरी साहब के बूथ पर भी मामला हॉफ का रह गया है। बड़े वाले चौधरी साहब का बूथ संख्या 461 है। यहां भाजपा के अतुल गर्ग को 251 वोट मिली हैं जबकि गठबंधन उम्मीदवार को 124 वोट मिली हैं।

### यादव जी के मौहल्ले में खिला है कमल और लाइन पार में हुआ मुकाबला

करंट क्राइम। यादव जी के मौहल्ले में कमल खिला है। समाजवादी यादव जी का बूथ नंबर 499 है। यहां पर 439 वोट भाजपा के अतुल गर्ग को मिले हैं जबकि गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को मात्र 76 वोट मिलीं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी लाईन पार में रहते हैं। उनका बूथ नंबर 230 है। यहां मुकाबला हुआ है भले ही भाजपा जीती है। यहां पर भाजपा के अतुल गर्ग को 287 वोट मिले हैं और यहां सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को 179 वोट मिले हैं।

### लोनी के बैसोया जी के बूथ पर डबल बैकअप नहीं आया काम

करंट क्राइम। अगर लोनी की बात करें तो यहां लोनी वाले समाजवादी बैसोया जी के बूथ पर डबल बैकअप काम नहीं आया है। ना कांग्रेस काम आई और ना समाजवादी कुछ कर पाई है। यहां कमल खिला है और बूथ की रिपोर्ट बता रही है कि बैसोया जी का बूथ संख्या 480 है और यहां डबल बैकअप यानी सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को मात्र 68 वोट मिले हैं जबकि यहां भाजपा के उम्मीदवार अतुल गर्ग को 438 वोट मिले हैं।

### ये ऐसे हैं है बूथ जहां पहले से है भगवागढ़ मजबूत

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस उम्मीदवार को चुनाव लड़वाया। अपने अपने बूथ से लेकर अन्य क्षेत्रों में प्रचार किया, मेहनत की। लेकिन वोट की रिपोर्ट को लेकर किसी को भी कमजोर या मजबूत नहीं बताया जा सकता। अगर इन बूथों की हिस्ट्री सर्च की जाये तो ये पता चलता है कि ये सभी बूथ ऐसे हैं जहां पहले से ही भगवागढ़ मजबूत रहा है। ये बीजेपी का किला है और कई चुनावी आंधियों में भी ये किसी दल से नहीं हिला है। यहां मतदाताओं की एक बड़ी आबादी ऐसी है जो विचारधारा से भाजपाई है।

# सपा महानगर अध्यक्ष के बूथ पर डॉली शर्मा ने मारा है वोटों का शतक



### मगर यहां कमल की रही है 409 वोट लेकर पूरी तरह चहल-पहल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट के बूथ को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने खबर प्रकाशित की थी। करंट क्राइम ने बताया था कि राजेन्द्र नगर के सैक्टर 3 में वीरेन्द्र यादव के बूथ संख्या 123 पर डॉली शर्मा को 78 वोट मिले हैं और भाजपा के अतुल गर्ग को 394 वोट मिले हैं। वीरेन्द्र यादव के पिता समाजवादी नेता रामदुलार यादव ने इस रिपोर्ट को करैक्ट कराया। उन्होंने कहा कि वीरेन्द्र यादव का बूथ 123 नहीं बल्कि 126 है। यहां भी खास बात ये है कि उस बूथ पर डॉली शर्मा को 78 वोट मिलना बताया गया है लेकिन वीरेन्द्र यादव एडवोकेट के बूथ संख्या 126 पर सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा ने वोटों का शतक लगाया है। उन्हें यहां 102 वोट मिले हैं। बसपा का हाथी यहां केवल 18 वोट ले पाया है। लेकिन समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव के बूथ पर कमल की पूरी चहल पहल रही है। अगर यहां डॉली शर्मा को 102 वोट मिले हैं तो भाजपा के अतुल गर्ग ने चौहरा शतक मारा है। उन्होंने यहां 409 वोट हासिल किये हैं।

# 2 बच्चों को बचाने के लिए बुजुर्ग महिला ने दांव पर लगा दी जिंदगी

### तेज आंधी में 7वीं मंजिल से बुजुर्ग की गर्दन पर गिरा था गमला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में तेज आंधी से 7वीं मंज़िल से गमला नीचे टहल रहीं बुजुर्ग (66) की गर्दन पर आ गिरा। इससे उनकी गर्दन की तीन हड्डियां टूट गईं। वह बेहोश होकर गिर गईं, जिसके बाद निवासियों और परिवार की मदद से उन्हें निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां क्रिटिकल आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। घटना शहर के सेक्टर-15 स्थित वसुंधरा ग्रैंड ट्विन टावर के बी टावर की है। पीड़िता के पति बीबी तिवारी ने बताया कि वहां खेल रहे एक बच्चे को बचाने के चक्कर में उनकी पत्नी घायल हो गईं। उन्होंने गमला ऊपर से आते देख लिया था। सोसायटी के एस्टेट मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

10वीं मंज़िल पर रहने वालीं बुजुर्ग मानसी तिवारी बुधवार रात 9 बजकर 20 मिनट पर नीचे सोसायटी परिसर में टहल रही थीं। तभी तेज आंधी आने से सातवीं मंज़िल की बालकनी से गमला गिरने से उनकी गर्दन की तीन हड्डी टूट गईं। पीड़िता के बेटे एडवोकेट वाक्य तिवारी ने बताया कि सोसायटी के एस्टेट मैनेजर के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। क्योंकि जिस समय की घटना है, उस समय की कोई विडियो रिकॉर्डिंग भी नहीं मिल पाई।

पीड़ित के पति बीबी तिवारी ने बताया कि बुधवार आंधी आने से पहले उनकी पत्नी बी टावर के नीचे रोजाना की तरह रात 9 बजे टहल रही थीं। कुछ देर के लिए स्विमिंग पूल के पास रखी कुर्सी पर बैठी ही थीं कि अचनाक तेज आंधी आने लगी। वहीं दो बच्चे खेल रहे थे। आंधी के कारण ऊपर से गमला नीचे आते देख उन्होंने नीचे झुककर बच्चों को बचाया, तभी गमला उनकी गर्दन की हड्डी पर आकर गिरा। वह बेहोश हो गईं। घटना का पता चलते ही वह भी भागे। बाकी लोग भी उन्हें हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। अगर झुकी न होतीं सर पर गमला सीधे गिरता शायद वह जीवित भी न बचतीं। बालकनी में गमला रखने पर रोक लगने के बावजूद और एओए द्वारा सख्त हिदायत देने के बाद भी कुछ लोग बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उनकी पत्नी बाल-बाल बच गईं, लेकिन इतनी मुसीबत इस उम्र में झेलनी पड़ रही है।

एओए उपाध्यक्ष प्रीति झा ने बताया कि जिस समय यह घटना हुई, उस समय वह बाहर थीं। पता चलते ही सोसायटी पहुंचीं।

# क्षेत्रीय दलों की अहमियत... : सिकंदर यादव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2024 का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अभूतपूर्व रहा। भाजपा के साथ-साथ राजनीतिक पंडितों को भी परिणामों ने चौंकाया भाजपा ने जहां राम मंदिर के निर्माण को मुद्दा बनाकर राष्ट्रीयता की लहर पैदा करने की कोशिश की।

जिस प्रकार 2019 में बाला कोट को केंद्र में रखकर की गई थी, परंतु उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश के मतदाताओं ने उसे नकार कर क्षेत्रीय पार्टियों पर अपना विश्वास जताया।

उत्तर प्रदेश से भाजपा को सबसे ज्यादा उम्मीद थी वहीं पर अखिलेश व राहुल की जोड़ी ने कमाल का प्रदर्शन किया।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका सपा, कांग्रेस की सोशल इंजीनियरिंग से लगा जिस कारण गठबंधन को 43 सीटें जीतने में मदद मिली। इसकी उम्मीद किसी ने नहीं की थी यहां तक कि अयोध्या की सीट भी बीजेपी हार गई और मेरठ भी जैसे तैसे अंत में जीत पाई। सपा ने जो पी.डी.ए का नारा दिया था उसे कोई गंभीरता से नहीं ले रहा था परंतु जनता ने अभूतपूर्व समर्थन देकर सत्ता के खिलाफ अपना मत दिया।



**'यदि भाजपा को अपनी सरकार लंबे समय तक स्थिर रखनी है तो उसे क्षेत्रीय दलों का सम्मान करना पड़ेगा।'**

सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही नहीं तमिलनाडु से लेकर बंगाल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार आदि में भी जहां भी क्षेत्रीय पार्टी मजबूत हैं वहां पर लोगों ने उनका साथ दिया। हालांकि बीजेपी हमेशा राष्ट्रवाद की बात करती है परंतु लोगों के मत ने ये साबित कर दिया कि बिना क्षेत्रीय विचार के राष्ट्रवाद की बात निराधार होगी।

भारत एक विविधता वाला राष्ट्र है इन विभिन्नताओं का नेतृत्व क्षेत्रीय पार्टी करती है और बिना क्षेत्रीय पार्टियों को साथ लिए आप ज्यादा समय तक भारत में, सत्ता में नहीं रह सकते।

ये चुनाव परिणाम से सिद्ध हो गया आज जो एन.डी.ए की सरकार बनने जा रही है वो इन्हीं क्षेत्रीय पार्टियों के बलबूते ही सरकार बन रही है और यदि भाजपा को अपनी सरकार लंबे समय तक स्थिर रखनी है तो उसे इन क्षेत्रीय दलों का सम्मान करना पड़ेगा। पूर्व में कांग्रेस के 10 वर्ष यू.पी.ए सरकार में भी मिली जुली सरकार सफलतापूर्वक कार्य कर सकी है यानी राष्ट्रीय अस्मिता क्षेत्रीय विचार के बिना नहीं चल सकती।

# शहर विधानसभा हो गई है अब उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार

## पंजाबी फैक्टर की चर्चा-ओबीसी को चुनौती-वैश्य ब्राह्मण का दावा बरकरार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनावों का नतीजा आया और खुशी की लहर विधानसभा के दावेदारों में दौड़ गई। कारण ये है कि कुछ चेहरे लोकसभा चुनाव के पहले दिन से ही शहर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे। ये चेहरे विधानसभा की दावेदारी कर रहे हैं और उन्हें ये विश्वास था कि भाजपा अपने गढ़ में चुनाव नहीं हारेगी। लिहाजा विधायक जी सांसद बनेंगे और हमें विधानसभा का मौका मिलेगा।





वो घड़ी आ गई है जब शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए तैयार है। शहर विधायक अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हो गये हैं। वो पहले ही कह चुके हैं कि जैसे ही संगठन का आदेश होगा वह तत्काल अपना इस्तीफा सौंप देंगे। लोकसभा चुनाव के बाद गाजियाबाद पहला ऐसा जिला है, ऐसा शहर हैं जहां विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई। फिलहाल बात भाजपा की क्योंकि यहां चुनाव लड़ने वालों का एक पूरा मेला है। बताया जाता है कि शहर सीट पर इस बार पंजाबी समाज की भागीदारी को लेकर चर्चा है और टिकट वितरण में पंजाबी फैक्टर का दावा मजबूत हो सकता है।

अगर बात विधानसभा उपचुनाव की करें तो यहां लोकसभा चुनाव में ही ये चर्चा शुरू हो गई थी कि इस बार उपचुनाव हुआ तो पार्टी यहां किसी ओबीसी चेहरे को मौका दे सकती है। इतनी चर्चा पर ही विधानसभा का पर्चा भरने के अरमान लेकर दावेदारों ने घमासान मचा दिया था। लाईन पार के एक पूर्व पार्षद और शहर विधानसभा के एक पार्षद जो ओबीसी वर्ग से आते हैं उन्होंने दावेदारी शुरू कर दी थी।

बताते हैं कि इसके बाद कई बड़े ओबीसी भाजपाई चेहरों ने अंगड़ाई ली। कई नाम दावेदारी में आये और अभी भी सभी अपने अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सूत्र बताते हैं कि अब टिकट फार्मूला बदलेगा और लोकसभा चुनावों के नतीजों के इफैक्ट विधानसभा के इस टिकट पर भी आयेंगे। अगर सूत्रों की बातों पर भरोसा करें तो विधानसभा उपचुनाव में ओबीसी चेहरे कंसीडर नहीं होगें। हालांकि ये भाजपा है और यहां कुछ भी हो सकता है। शहर विधानसभा के रिकार्ड को देखें तो यहां वैश्य और ब्राह्मण समाज की दावेदारी रही है। यहां से सुरेन्द्र मुन्नी कई बार विधायक रहे हैं। वो ब्राह्मण समाज से आते हैं।

सुरेन्द्र गोयल, सुरेश बंसल और अतुल गर्ग वैश्य समाज से हैं और विधायक रहे हैं। ऐसे में अब ये देखना रोचक रहेगा कि दावेदारी का पलड़ा किस समाज की तरफ भारी रहता है। क्योंकि वैश्य समाज से भी कई बड़े चेहरे दावेदारी में हैं और अनुभव से लेकर समर्पण तक उनकी दावेदारी बनती है। वहीं ब्राह्मण समाज की बात करें तो यहां एक नहीं बल्कि आधा दर्जन ऐसे दावेदार हैं जो पार्टी के हर फ्रेम पर पूरी तरह से फिट बैठते हैं और टिकट दावेदारी में मजबूती के साथ ये नाम सामने आयेंगे। इनमें लाईफ टाईम भाजपाई भी हैं और सियासत के अनुभवी चेहरे भी हैं। ब्राह्मण समाज की भाजपा में भागीदारी है।

मौजूदा समय में सुनील शर्मा साहिबाबाद से विधायक हैं और प्रदेश सरकार में कैबीनेट मंत्री हैं। संगठन की बात करें तो संजीव शर्मा दूसरी बार अध्यक्ष पद पर रिपीट हुए हैं और उनकी कैप्टनशिप में भाजपा ने लोकसभा में और विधानसभा में शानदार प्रदर्शन किया है।

### इसलिए है पंजाबी फैक्टर पर जोर क्योंकि लंबे समय से हो रहा है समाज इग्नोर

**करंट क्राइम।** पंजाबी समाज के कई नेता अक्सर यह कहते आये हैं कि उनके समाज को टिकट नहीं मिलता है। वो जब टिकट मांगते हैं तो यहां पहले विधायक के पंजाबी होने का हवाला देते हैं। अब जब विधानसभा उपचुनाव हो रहा है तो इस समाज की ये मांग है कि विधानसभा में उनके समाज का कोई नहीं है। लोकसभा में कोई नहीं है। राज्य सभा में यहां से कोई टिकट नहीं मिला है। विधान परिषद में यहां से कोई चेहरा नहीं गया है। लिहाजा ऐसे में वो ये चाहते हैं कि उपचुनाव में उनके समाज को भागीदारी मिले।

## संपादकीय

# इस कीमत का स्वरूप क्या होगा

एनडीए के सहयोगी दलों की बैठक में जिस सहजता से नरेंद्र मोदी के नाम पर सर्वसम्मति बन गई, उसे देखते हुए लगभग तय माना जा रहा है कि वह जल्द और सहज ढंग से तीसरे कार्यकाल का आरंभ करेंगे। फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि पीएम मोदी का तीसरा टर्म उनके पिछले दोनों कार्यकालों से किन अर्थों में और कितना अलग होगा।

चाहे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में डेढ़ दशक तक सरकार चलाने का अनुभव हो या केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में एक दशक का, हमेशा सुविधाजनक बहुमत उनके साथ रहा है। उनकी छवि भी बड़े और कड़े फैसले लेने वाले मजबूत नेता की रही है। इस बार उनकी अपनी पार्टी इखढ बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से दो-चार नहीं पूरे 32 सीटें दूर खड़ी है। ऐसे में तय है कि उनकी सरकार को समर्थन दे रहे खऊ्र और ळऊ्ढ जैसे दल इसकी कीमत वसूलेंगे।

अहम सवाल यह है कि इस कीमत का स्वरूप क्या होगा। क्या ये दल पदों और विभागों की बारगेनिंग से ही संतुष्ट हो जाएंगे या वे सरकार की नीतियों और फैसलों को भी खास दिशा देने की कोशिश करेंगे? संभावना यही है कि इन दोनों ही मोर्चों पर ये दल अपना दखल बनाए रखना चाहेंगे। इसके संकेत गुरुवार को उस समय मिले, जब खऊ्र प्रवक्ता ने कहा कि चुनावों के दौरान मतदाताओं के एक हिस्से की आशंकाओं को देखते हुए सरकार को अग्निवीर योजना की समीक्षा करनी चाहिए। यही नहीं, पार्टी ने कास्ट सेंसस को भी वक्त की जरूरत बता दिया। जाहिर है, इन दोनों मसलों पर कोई बीच की राह निकालने की जरूरत अभी से बन गई है। ऐसे में यह सवाल बड़ा हो जाता है कि मोदी सरकार 3.0 के दौरान क्या सरकार के कामकाज उसी तरह से चल पाएंगे, जैसे पिछले दो कार्यकालों में चले थे। चूंकि आर्थिक सुधारों पर देश में एक तरह की राजनीतिक सर्वसम्मति रही है, इसलिए यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि सुधारों का अजेंडा ज्यादा प्रभावित नहीं होगा, लेकिन इसकी रफ्तार कम न पड़े, इसके लिए विशेष प्रयासों की जरूरत पड़ सकती है।

चुनाव नतीजों में सीटों के पैटर्न पर नजर डालें तो पता चलता है कि 2019 के मुकाबले 2024 में ठऊ्र को मिली ग्रामीण सीटों में कमी आई है। इसे इस दौरान रेवेन्यू एक्सपेंडिचर में आई गिरावट से जोड़कर देखा जा रहा है। जाहिर है, मोदी सरकार 3.0 इसे दुरुस्त करना चाहेगी। लेकिन पहले उसे बिहार को विशेष दर्जा और आंध्र प्रदेश को विशेष मदद जैसी मांगों से निपटना पड़ेगा। जाहिर है, पीएम मोदी के लिए आने वाला दौर चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है।

# शक्तिकांत दास बोले- आरबीआई पर बढ़ने लगा रेपो दर घटाने का दबाव, एमपीसी के फैसलों की दी जानकारी



**नई दिल्ली।** मजबूत आर्थिक वृद्धि और महंगाई घटने के साथ आरबीआई पर रेपो दर में कटौती का दबाव बढ़ने लगा है। केंद्रीय बैंक की ब्याज दर निर्धारण समिति के बाहरी सदस्य जयंत आर वर्मा लंबे समय से रेपो दर में कम-से-कम 0.25 फीसदी की कटौती की वकालत कर रहे हैं। अब समिति की दूसरी बाहरी सदस्य आशिमा गोयल भी इस मांग में शामिल हो गई हैं। हालांकि, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास समेत चार सदस्यों ने प्रमुख नीतिगत दर को 6.5 फीसदी पर यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की जानकारी देते हुए कहा, महंगाई को लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए। खुदरा महंगाई एक बार जब चार फीसदी पर आ जाए तो इसे वहीं रहना चाहिए। हमें जब भरोसा हो जाएगा कि यह चार फीसदी पर स्थिर रहेगी और आगे नहीं बढ़ेगी, तभी हम रेपो दर में कटौती के बारे में सोचेंगे। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक दरों के मोर्चे पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। दास ने कहा, वृद्धि और महंगाई का सफर उम्मीदों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है। लेकिन, यह चार फीसदी की तरफ यात्रा का अंतिम पड़ाव है, जो सबसे मुश्किल और पेचीदा होगा। उन्होंने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों से आरबीआई के नीतिगत कदम को अलग रखे जाने पर कहा, फेड रिजर्व के ब्याज घटाने पर भी आरबीआई रेपो दर में कटौती नहीं कर सकता है। आरबीआई के अनुमानों के मुताबिक, खुदरा महंगाई दिसंबर तिमाही में 3.8 फीसदी पर आई है, लेकिन बाद में फिर से बढ़कर पांच फीसदी पर पहुंच रही है। उधर, दरों में कटौती की वकालत करने वाले दोनों सदस्यों वर्मा और गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब स्विट्जरलैंड, स्वीडन, कनाडा और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं के कुछ केंद्रीय बैंक 2024 में दरों में ढील देने की शुरूआत कर चुके हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार : 651.5 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 651.51 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। 31 मई को समाप्त सप्ताह में इसमें 4.837 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.027 अरब डॉलर घटकर 646.673 अरब डॉलर रहा था। 31 मई वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 5.065 अरब डॉलर बढ़कतर 572.564 अरब डॉलर पहुंच गई। हालांकि, सोने का भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.501 अरब डॉलर रह गया।

### कर्ज और जमा के बीच बने अंतर को खत्म करें बैंक

आरबीआई ने कहा, बैंकों को कर्ज और जमा वृद्धि के बीच लगातार बने अंतर का खत्म करने के लिए अपनी कारोबारी रणनीति में नए सिरे से बदलाव करने की जरूरत है। जरूरत पड़ी तो बिना गारंटी वाले यानी असुरक्षित कर्ज में वृद्धि को कम करने के लिए आगे भी कदम उठाए जा सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2023 में असुरक्षित खुदरा कर्ज अत्यधिक वृद्धि और बैंक वित्तपोषण पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की अत्यधिक निर्भरता को लेकर चिंता जताई थी। दास ने कहा, आरबीआई वित्तीय क्षेत्र, विशेषकर बैंकों के हर पहलू पर नजर रख रहा है। जब भी कुछ और उपायों की जरूरत होगी, हम कदम उठाएंगे।

### ब्रिटेन से वापस लाए सोने का और मतलब न निकालें

दास ने कहा, आरबीआई ब्रिटेन से 100 टन सोना भारत लाया है, क्योंकि देश में पर्याप्त भंडारण क्षमता है। इसका कोई और मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था। हाल के वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि आरबीआई अपने भंडार के हिस्से के रूप में सोना खरीद रहा है और इसकी मात्रा बढ़ रही है। इसलिए, ब्रिटेन से सोना लाकर भारत में रखने का फैसला लिया गया। भारत में 100 टन सोना वापस आने से स्थानीय भंडार में पड़े स्वर्ण की मात्रा बढ़कर 408 टन से अधिक हो गई है। यानी स्थानीय और विदेशी होल्डिंग अब लगभग बराबर है।

### फेमा को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव

कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए आरबीआई ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा)-1999 के तहत वस्तुओं-सेवाओं के निर्यात और आयात के लिए दिशानिर्देशों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बदलाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इससे न सिर्फ कारोबार करना आसान होगा बल्कि अधिकृत डीलर बैंक अधिक जुझारू क्षमता से परिचालन कर सकेंगे। मसौदा जल्द जारी किया जाएगा।





# लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए अदाणी ग्रुप के शेयर

**मुंबई।** अदाणी ग्रुप के शेयरों में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। चुनावी नतीजे आने के बाद यह लगातार तीसरा दिन है जब शेयरों में रैली हुई है।

एसीसी, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट, अदाणी पावर, अंबुजा सीमेंट, अदाणी टोटल गैस, अदाणी विल्मर और एनडीटीवी के शेयर बढ़कर बंद हुए। केवल अदाणी ग्रीन का शेयर सपाट बंद हुआ। अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.1 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ है।

वहीं, अदाणी पोर्ट में 1.9 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस में 1.08 प्रतिशत, एनडीटीवी में 4.85 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 2.2 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। अदाणी विल्मर भी आधा प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ है, जबकि एसीसी और अंबुजा सीमेंट 1.8 प्रतिशत और 1.9 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए हैं।

शुक्रवार के सत्र में सेंसेक्स 1,618 अंक या 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,693 अंक और निफ्टी 468 अंक या 2.08 प्रतिशत के उछाल के साथ 23,290 अंक पर बंद हुआ।

बाजार में तेजी की वजह शुक्रवार को आई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति को माना जा रहा है, जिसमें केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 7 प्रतिशत था। वहीं, महंगाई दर के आंकड़े को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

# पेटीएम ने यूपीआई लेनदेन में सुधार के शुरुआती संकेत दिखाए





**नई दिल्ली।** भारत में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का चलन बढ़ता जा रहा है। हर कोई पेमेंट के लिए यूपीआई का उपयोग करता है। इस बीच पेमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विस कंपनी पेटीएम को अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बिजनेस में सुधार और मजबूत स्थिरता के शुरूआती संकेत मिल रहे हैं। यह कंपनी के लिए जबरदस्त वापसी का संकेत है।

मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर प्रोसेस्ड यूपीआई ट्रांसक्शन्स (लेनदेन) का कुल मूल्य बढ़कर 1.24 ट्रिलियन रुपये हो गया। इसका श्रेय कंपनी द्वारा शुरू की गई कई पहलों को जाता है -- यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, यूपीआई लाइट आदि।

मई में प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.14 बिलियन पर स्थिर होने के साथ पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरा सबसे बड़ा प्लेयर बन गया। जबकि यह मार्च में एक थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रदाता (टीपीएपी) बन गया था। पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। इसके अलावा, अपने मर्चेंट बेस के विस्तार को देखते हुए कंपनी पीयर-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेनदेन में सबसे आगे बनी हुई है। पेटीएम एकमात्र भारतीय कंपनी है जो गूगल पे और फोनपे के अधिकार (डुओपोली) को चुनौती दे रही है।

यूपीआई ने मई 2024 में करीब 14 बिलियन लेन-देन संभालकर एक मील का पत्थर हासिल किया। यह 49 प्रतिशत साल-दर-साल की वृद्धि है और 20.45 ट्रिलियन रुपये के लेनदेन संसाधित (प्रोसेस्ड) किए गए, जो 2016 में लॉन्च होने के बाद से सबसे ज्यादा है।

यह उछाल भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के बीच डिजिटल पेमेंट के लिए बढ़ती प्राथमिकता को रेखांकित करता है।

# स्मार्टफोन की दुनिया में एआई की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन की दुनिया में एआई की संभावनाओं को लेकर चर्चा हो रही है, और यह समझना आसान है कि ऐसा क्यों है। एआई-संचालित विशेषताएं हमारे फोन के इस्तेमाल के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा करती हैं, जो पहले कभी नहीं देखा गया। इसके कारण एआई सुविधाओं को बढ़ावा देने वाले ब्रांडों में उछाल आया है। कुछ कंपनियां एआई को अपनाने की दिशा में प्रगति कर रही है, वहीं अन्य कंपनियां केवल उत्साह की लहर पर सवार होकर बिना किसी प्रौद्योगिकी के मार्केटिंग उद्देश्यों के लिए एआई शब्द का प्रयोग कर रही हैं।

दूसरी ओर रियलमी एआई पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा है और खुद को स्मार्टफोन क्रांति में सबसे आगे रखे हुए है।

अपने नेक्स्ट एआई लैब ₹एआई+यूआई पॉपुलराइजर प्लान₹ के लॉन्च और अपनी मालिकाना नेक्स्ट एआइ तकनीक की रिलीज के साथ रियलमी कह रहा है कि इंटेलिजेंट मोबाइल सहज और अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली है।

रियलमी ने 'रियलमी जीटी 6' के साथ एआई इनोवेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है, जिसे ₹एआई पॉपुलराइजर₹ का नाम दिया गया है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

लड़की- मैं तुम्हारे लिए आग पर भी चल सकती हूं, नदी में कूद सकती हूं।
लड़का- लव यू जानू, क्या तुम मुझसे अभी मिलने आ सकती हो,
लड़की- पागल हो क्या इतनी धूप में कैसे आ सकती हूं

---

पति- आज सब्जी बिल्कुल भी अच्छी नहीं बनी है।
पत्नी- चुपचाप खा लो। सब्जी को फेसबुक पर 500 लोगों ने लाइक किया है और आपके ही अलग नखरे हैं।
पति बेहोश...

---

बॉस ने जोक सुनाया....
पूरी टीम हंसने लगी लेकिन पप्पू नहीं हंसा
बॉस- पप्पू तुम नहीं हंसे, तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया क्या?
संता- सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है...!!!

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

### राहुल गांधी को ही नेता प्रतिपक्ष बनना चाहिए

# सीडब्ल्यूसी की बैठक में एक सुर से मांग



**जिन राज्यों में पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, वहां हमें आत्मचिंतन करना होगा**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शनिवार को हुई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई अन्य नेता शामिल हुए। इस चुनाव में कांग्रेस ने गत लोकसभा चुनाव की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसका उत्साह पार्टी के सभी नेताओं के चेहरे पर साफ देखने को मिल रहा था। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में आगे की रूपरेखा तैयार की गई। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, कांग्रेस कार्य समिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद स्वीकार करने का अनुरोध किया। उन्होंने जवाब दिया कि वह इस बारे में सोचेंगे। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा, हर बार चुनाव के बाद हमारी कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होती है और स्थिति का विश्लेषण किया जाता है। राहुल गांधी का यह 5वां कार्यकाल है। वह एक वरिष्ठ नेता हैं। वह सामने से हमला करते हैं और समझदारी से करते हैं। वो इसे आत्मविश्वास और निडरता के साथ करते हैं। उन्हें संसदीय दल का नेता होना चाहिए। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने कहा, "हमारी मांग रही है कि राहुल गांधी आगे आएं और सब कुछ संभालें, लेकिन अंतिम फैसला शीर्ष नेतृत्व का है। राहुल गांधी को खुद फैसला करना है। पीएम को शपथ नहीं लेनी चाहिए। वह '400 पार' के बारे में बात कर रहे थे। अगर मैं उनकी जगह पर होता, तो शायद शपथ नहीं लेता।" कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद भूपेंदर सिंह हुड्डा ने कहा, राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाना चाहिए। यही सबकी मांग है और यही कांग्रेस को मजबूती देगी। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा जब भी कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी से कुछ अपेक्षा की है, उन्होंने पार्टी की ख्वाहिश पूरी की है। आज कांग्रेस पार्टी उनसे गुजारिश करती है कि वो देश की आवाज सदन में उठाएं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, इस बात में कोई संशय नहीं है कि कांग्रेस ने कई राज्यों में प्रशंसनीय प्रदर्शन किया है, लेकिन इस बात को भी सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि जिन राज्यों में पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, वहां हमें आत्मचिंतन करना होगा। इसके अलावा, कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखों में आंखें डालकर भारतीय राजनीति में अगर कोई नेता बात कर सकता है, तो वो राहुल गांधी ही हैं। वहीं, ऐसी स्थिति में जब तानाशाही अपने चरम पर पहुंच चुकी है, सभी जांच एजेंसियों को सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है, तो राहुल गांधी के ही कंधों पर नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी होनी चाहिए।

### मुख्यमंत्री योगी ने 'संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता' का दिया मंत्र

# जनप्रतिनिधि शासन-प्रशासन के बीच समन्वय बनाकर जनसमस्या को दूर करें



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रीगणों को 'संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता' का मंत्र देकर एक बार फिर से जनता के बीच भ्रमण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मंत्रिगण फील्ड में जाएं, संवेदनशीलता के साथ जनता से संवाद करें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा शासन-प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए समस्याओं का समाधान कराएं। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं, हर समय पूरा सहयोग मिलेगा। शनिवार को मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए है, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है। ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 10 वर्षों में जिस तरह उत्तर प्रदेश में विकास को रफ्तार मिली है, आने वाले 5 साल में हम अनेक नए कीर्तिमान रचने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि सभी माननीय मंत्रिगण केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाएं। डबल इंजन सरकार की नीतियों, निर्णयों और उनके सकारात्मक परिणाम से जनता को अवगत कराएं। मंत्रियों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि मंत्रिगण हों या अन्य जनप्रतिनिधि, सभी को वीआईपी कल्चर से परहेज करना होगा। हमारी कोई भी गतिविधि ऐसी न हो, जो वीआईपी संस्कृति को प्रदर्शित करती हो, इसके लिए सभी को सतर्क और सावधान रहना होगा। विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में वृहद पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए सभी को प्रयास करना होगा। अपने-अपने क्षेत्रों में सभी माननीय मंत्रीगण इसके लिए अपना योगदान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवंटन और व्यय में तेजी की अपेक्षा है। विभाग स्तर भी पर खर्च की समीक्षा भी जाए। संबंधित मंत्रीगण अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें।

# अखिलेश की नजर 2027 विधानसभा चुनाव पर, सपा सांसदों से बोले जनता के बीच जाएं



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश की नजर विधानसभा 2027 के चुनाव पर है। उन्होंने नवनिर्वाचित सांसदों से कहा कि आप जनता के बीच रहें, उनकी समस्या सुनें, तभी आगे ऐसी जीत मिलेगी। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ के सपा मुख्यालय में अपनी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी को बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिला है। अब समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। जनता की एक-एक बात सुनें, उनके मुद्दों को उठाएं, क्योंकि जनता के मुद्दों की जीत हुई है। सपा मुखिया ने सभी सांसदों से कहा है कि इस बार बहुत मजबूती के साथ यूपी की जनता के मान-सम्मान की लड़ाई संसद में लड़नी है। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जहां से सबसे ज्यादा सांसद चुनकर जा रहे हैं, वहां की जनता की बात संसद में रखें। उन्होंने कहा कि हमारे सांसदों ने चुनाव में लगातार मेहनत की, जनता के बीच रहें। यही वजह रही कि सपा ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की। सपा प्रमुख ने कहा कि नकारात्मक राजनीति खत्म हो गई है और सकारात्मक राजनीति का दौर शुरू होने के साथ ही जनता से जुड़े मुद्दों की जीत हुई है। लोकसभा चुनाव में सपा ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 37 सीटें जीतीं, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस को 6 सीटें मिली हैं। सरकार और प्रशासन पर तंज करते हुए अखिलेश ने कहा कि हमारे एक सांसद वह हैं, जिन्हें जीत का सर्टिफिकेट मिला। दूसरे वे हैं, जिन्हें भाजपा की धांधली की वजह से सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया। हम दोनों सांसदों को बधाई देते हैं। उम्मीद का दौर शुरू हो चुका है। जनता के मुद्दों की जीत हुई है। इस मौके पर सांसद डिंपल यादव ने कहा कि मैं सभी सपा के सांसदों को बधाई देना चाहूंगी। लोकतंत्र में लोग अगर खुश नहीं होते हैं, तो अपना प्रतिनिधि अपने हिसाब से चुनते हैं। अयोध्या में भी यही हुआ। कौशांबी से चुने गए देश के सबसे युवा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि इंडिया गठबंधन को जनता ने मुद्दों के आधार पर वोट दिया। उन्हीं मुद्दों को हम लोग संसद तक उठाएंगे।

## कंगना को थप्पड़ मारने वाली सुरक्षाकर्मी पर परमपाल कौर ने कहा, उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था



**बठिंडा।** बीजेपी नेता परमपाल कौर ने मंडी लोकसभा सीट से सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली सुरक्षाकर्मी की आलोचना की है। बठिंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार रही परमपाल कौर ने कहा, उस सुरक्षाकर्मी को कंगना के साथ ऐसा सलूक नहीं करना चाहिए था। उसे इस तरह से थप्पड़ नहीं मारना चाहिए था। फिलहाल, यह जांच का विषय है कि आखिर उसने कंगना के साथ ऐसा क्यों किया? बता दें कि बीते दिनों चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कंगना रनौत को सीआईएसएफ महिला सुरक्षाकर्मी ने अचानक से थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद कंगना ने बयान जारी कर कहा था, मैं बिल्कुल सुरक्षित हूं, लेकिन जिस तरह से पंजाब में उग्रवाद बढ़ रहा है, वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। अगर समय रहते इस पर अंकुश लगाने की दिशा में कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति गंभीर कर सकती है। उधर, कंगना को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मी ने कहा था, किसान आंदोलन का विरोध करने की वजह से मैंने कंगना को थप्पड़ मारा। कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान सरकार का पक्ष लिया था और आंदोलनकारी किसानों की आलोचना की थी, जिसे देखते हुए मैंने कंगना को थप्पड़ मारा था। इससे पहले सीकर से नवनिर्वाचित सांसद अमराराम ने कंगना को थप्पड़ मारने वाली महिला सुरक्षाकर्मी का पक्ष लिया था। उन्होंने कहा था, मैं कंगना को थप्पड़ मारने वाली सुरक्षाकर्मी का धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि उन्होंने किसानों का अपमान करने वाली को थप्पड़ मारा है। वो एक जांबाज महिला है, जो तारीफ और प्रशंसा के पात्र है।

# 'मुइज्जू के दौरे से भारत-मालदीव संबंधों में सुधार की उम्मीद'

● **शपथ ग्रहण के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगी**




**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक घटना बताते हुए शनिवार को कहा कि इसमें शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगी। मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने आज राष्ट्रपति कार्यालय में एक सद्भावना मुलाकात के दौरान मुइज्जू को निमंत्रण पत्र सौंपा। मालदीव के राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगी। मुइज्जू के कार्यालय ने आज कहा, उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी से साथ मिलकर भारत से नजदीकी संबंध और मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए उत्साहित हैं। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के पिछले साल सत्ता में आने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों में दरार आ गई है। उन्होंने कहा था कि वह देश में भारत के प्रभाव को कम करने पर काम करेंगे। उनके इस दौरे से संबंधों में सुधार की उम्मीद है। भारत हमेशा से मालदीव के साथ रिश्तों को महत्व देता रहा है। उसने मुइज्जू सरकार को याद दिलाया है कि मालदीव के विकास में सहायता देने वाले देशों में वह प्रमुख रहा है। रिश्तों में दरार के बावजूद भारत मालदीव को चीनी, गेहूं, चावल, प्याज और अंडों जैसी जरूरी वस्तुओं का निर्यात लगातार कर रहा है। इनके अलावा भारत ने निर्माण सामग्री के रूप में इस्तेमाल होने वाले 10-10 लाख टन स्टोन एग्रीगेट और बालू का निर्यात भी किया है। मुइज्जू सरकार ने भारत से ऋण भुगतान में छूट की मांग भी की थी जो मालदीव की भारत पर निर्भरता दिखाता है। इस साल अप्रैल में ईद के मौके पर मालदीव के राष्ट्रपति को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और संस्थागत संबंधों को रेखांकित किया था।

# हार के बाद केन विलियमसन का छलका दर्द कहा- अफगानिस्तान ने हमें तीनों विभाग में पछाड़ा




**नई दिल्ली।** केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बड़े उलटफेर का शिकार हो गई। न्यूजीलैंड को शनिवार को अफगानिस्तान के हाथों 84 रन से हार झेलनी पड़ी। ये टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी हार है। अफगान टीम ने गुयाना के मैदान पर 159/6 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में न्यूजीलैंड की पारी 15.2 में 75 रन सिमट गई, जो टी20 क्रिकेट में उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। अफगानिस्तान के कप्तान और स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने चार विकेट चटकाए। पेसर फजलहक फारूकी को भी इतने ही विकेट मिले। न्यूजीलैंड के कप्तान विलियमसन का शर्मनाक हार का दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान ने हमें तीनों विभाग में पछाड़ा है।

बता दें कि, मैच के बाद विलियमसन ने कहा कि, सबसे पहले अफगानिस्तान टीम को बधाई। उन्होंने हमें हर विभाग में पछाड़ा। उस स्कोर तक पहुंचने के लिए अफगानिस्तान ने अपने विकेट बचाए रखे और अच्छा स्कोर बनाया। हमें इस हार को जल्दी से भूलकर अपनी अगली चुनौती पर ध्यान देना होगा। खिलाड़ियों ने इस मैच के लिए बड़ी मेहनत की लेकिन मुश्किल का सामना करना पड़ा। हमें अब आगे बढ़ने की जरूरत है। इस टूनार्मेंट में गेम तेजी से आते हैं। 160 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल था। हमें साझेदारी की जरूरत थी। अफगानिस्तान के स्पिनर्स के पास जो स्किल्स है, उसने हमारी राह मुश्किल बनाई। हमरी फील्डिंग निराशाजनक रही, खासकर शुरूआती 10 ओवरों में, हमारे पास मौके थे जिन्हें भुना नहीं सके।

केन ने आगे कहा कि, हमें सही दिशा में कदम उठाने की जरूरत है। हम जानते हैं कि हम आज के प्रदर्शन की तुलना में बेहतर हैं। हमें आगे बढ़ना होगा और अगले मैच में उतरने के लिए खुद को बेस्ट चांस देना होगा। हमारे अपने अवसरों का लाभ नहीं उठाया और ये मैच के परिणाम को बदलने में बहुत मददगार साबित हुआ। वहीं ग्रुप सी का हिस्सा न्यूजीलैंड टीम को टूनार्मेंट में अपने दूसरे मैच में वेस्टइंडीज से भिड़ना है। ये मैच 12 जून को त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में आयोजित होगा।

## प्रज्ञाननंदा ने नाकामुरा को हराया, कार्लसन ने खिताब जीता




**नॉर्वे।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता। कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं।

नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूनार्मेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए। अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। उनके बाद लेई (14.5 अंक), भारत की आर वैशाली (12.5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है। वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

## भारत से हारते ही टूनार्मेंट से बाहर हो जाएगा पाकिस्तान?

**नई दिल्ली।** पूरा क्रिकेट जगत और फैंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 में आखिरकार जिस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे वो दिन आने वाला है। 9 जून यानी रविवार को क्रिकेट जगत के दो चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान आपस में टकराएंगी। दोनों के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से ये मैच खेला जाएगा। जहां अपना पहला मैच जीतकर आने वाली भारतीय टीम पाकिस्तान को हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज करना चाहेगी। वहीं अमेरिका के खिलाफ पहला मैच गंवाने वाली पाकिस्तान को अपनी पहली जीत का इंतजार है।

भारत और पाकिस्तान दोनों ही एक ही ग्रुप ए में हैं। भारत फिलहाल एक मैच में जीत के साथ अंक तालिका में 2 प्वाइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। इसके अलावा पाकिस्तान अमेरिका से हार झेलने के बाद चौथे नंबर पर काबिज है।

# अफगानिस्तान ने कीवियों को पटका

● **न्यूजीलैंड की टीम 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.2 ओवर में मात्र 75 रन पर लुढ़क गई।**




**जार्जटाउन।** कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की कहर बरपाती गेंदों और रहमानुल्लाह गुरबाज की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने विश्व कप में न्यूजीलैंड को 84 रन से धो डाला। न्यूजीलैंड की टीम 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.2 ओवर में मात्र 75 रन पर लुढ़क गई। उसके सिर्फ दो बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स (18) और मैट हेनरी (12) दोहरे अंक तक पहुंच सके।

पहली गेंद पर विकेट : फारूकी ने पहली ही गेंद पर फिन एलेन की गिल्लियां उखाड़कर न्यूजीलैंड को जो झटका दिया उससे अंत तक उबर नहीं पाई। उन्होंने कॉन्वे (8) और डेरिल (5) को भी पावरप्ले से पहले पवेलियन भेज दिया। इसके बार राशिद की फिरकी चली। फारूकी और राशिद ने चार-चार जबकि दो विकेट मोहम्मद नबी ने चटकाए।

दूसरा न्यूनतम स्कोर : यह कीवियों का विश्व कप का दूसरा जबकि टी-20 का चौथा न्यूनतम स्कोर है। टीम इससे पहले 2014 विश्व कप में चिटगांव में श्रीलंका के खिलाफ 60 रन पर ढेर हो गई थी। गुरबाज-इब्राहिक का रिकॉर्ड : अफगानिस्तान ने गुरबाज (80) और इब्राहिम जदरान (44) के बीच पहले विकेट के लिए हुई 103 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज-इब्राहिम टी-20 विश्व कप में लगातार दो बार शतकीय साझेदारी करने वाली पहली सलामी जोड़ी जबकि कुल तीसरी जोड़ी बनी। दोनों 15वें ओवर तक डटकर बल्लेबाजी करते रहे जब तक कि इब्राहिम आउट नहीं हुए। अजमतुल्लाह ओमजई ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी ने दो-दो विकेट झटके।

# हुसैन की गुगली में फंसा श्रीलंका




**डलास।** युवा लेग स्पिनर रशीद हुसैन (22/3) की गुगली और महमूदुल्लाह रियाद (16 नाबाद) की संयमित पारी के दम पर बांग्लादेश ने शनिवार को विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को दो विकेट से पराजित किया। बांग्लादेश ने पहले श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। फिर लक्ष्य छह गेंद रहते आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया।

सात में तीन विकेट : डलास की अच्छी पिच पर रशीद की गुगली और लेग ब्रेक ने श्रीलंकाई पारी की कमर तोड़ दी। रशीद ने सात गेंद के भीतर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 8.4 ओवर में दो विकेट पर 70 रन था लेकिन उसने सात विकेट 54 रन के भीतर गंवा दिए। मुस्ताफिजुर रहमान ने तीन विकेट झटके। श्रीलंका के लिए पाथुम निसांका ने सर्वाधिक 47 और धनंजय डिसिल्वा ने 21 रन बनाए। तौहीद के 40 रन : जवाब में बांग्लादेश के लिए तौहीद ह्रदय ने 40 रन बनाए। चौथे विकेट के लिए लिटन दास (36 रन) के साथ 63 रन की साझेदारी की। नुवान तुषारा ने हालांकि 18 रन देकर चार विकेट लेते हुए श्रीलंका को मैच में लौटाया। बांग्लादेश के पांच विकेट 21 रन के भीतर गिर गए। उस समय स्कोर आठ विकेट पर 113 रन था। बांग्लादेश को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। महमूदुल्लाह ने महमूदुल्लाह टीम को जीत दिलाई।

# पाक के खिलाफ 'जानलेवा पिच' से निपटने की तैयारी, कोहली- रोहित ने जमकर बहाया पसीना




**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का हाईवोल्टेज मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। भारतीय समय के मुताबिक रात 8:00 बजे से खेले जाने वाले इस मुकाबले से पहले भारतीय खिलाड़ी कड़ी प्रैक्टिस में जुटे हुए हैं। इस मैच से एक दिन पहले भारत की ओर से विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने नेट्स में घंटों बैटिंग की प्रैक्टिस की। आयरलैंड के खिलाफ 5 गेंदों पर एक रन बनाने वाले कोहली ने दो बार अभ्यास किया। न्यूयॉर्क की असमान उछाल वाली पिच और पाकिस्तानी पेस चौकड़ी को देखते हुए भारतीय कोचिंग स्टाफ ने 6 अभ्यास पिचों में से तीन को खुरदुरी की जिसपर भारतीय बैटर्स ने प्रैक्टिस की।

रोहित शर्मा ने थ्रोडाउन से अंगूठे में गेंद लगने के बावजूद अन्य भारतीय बल्लेबाजों के साथ नेट्स पर अतिरिक्त अभ्यास किया। ताकि नासाउ कांउटी इंटरनेशनल स्टेडियम की असमान उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज आक्रमण का सामना बखूबी कर सकें। थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना करते हुए रोहित के बाएं अंगूठे में गेंद लगी। वह असहज दिखे लेकिन बल्लेबाजी करते रहे। इसके बाद वह पिच के दूसरे छोर पर थ्रोडाउन का सामना करने चले गए। नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान की ड्रॉप इन पिच की असमान उछाल के लिए काफी आलोचना हो रही है। पहले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड को 96 रन पर आउट कर दिया था। लेकिन रोहित और बाकी सीनियर बल्लेबाजों को बखूबी पता है कि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ और नसीम शाह से मिलने वाली चुनौती बिल्कुल अलग होगी।

# करंट से किसान की मौत: परिजन ने शव रखकर लगाया जाम

## बिजली विभाग के अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी इलाके में शनिवार दोपहर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से बाइक सवार किसान की मौत हो गई। शव मौके पर ही पड़ा हुआ है। ग्रामीण हंगामा कर रहे हैं। पावर कॉर्पोरेशन के अफसरों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने और मृतक के परिवार को मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

पुलिस और प्रशासन के अधिकारी समझाने में जुटे हुए हैं। मृतक की पहचान लोनी क्षेत्र के मंडोला गांव निवासी किसान देवेंद्र के रूप में हुई है। वे बाइक से कहीं जा रहे थे। रास्ते में उनके ऊपर 11 हजार वोल्टेज का बिजली तार टूटकर गिर पड़ा। हाईटेंशन लाइन के करंट से उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया और देवेंद्र की मौके पर मौत हो गई। घटनास्थल पर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए हैं।

लोनी क्षेत्र के एसडीएम और एसीपी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन कंट्रोल रूम को फोन करके पावर सप्लाई बंद कराई। करीब 2 घंटे हो गए हैं, लेकिन अभी तक कॉर्पोरेशन अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच पाए हैं। इससे ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि जब तक कॉर्पोरेशन अफसरों पर मुकदमा दर्ज नहीं होता और मृतक परिवार को मुआवजे की बात नहीं होती, तब तक वे शव को नहीं उठने देंगे।

# शालीमार गार्डन में लगे हाउस टैक्स कैंप में वसूले 7 लाख रुपए



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन के चंद्रशेखर पार्क में नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली कैंप लगाया गया जिसमें 20% की छूट पर 7 लाख के करीब वसूले गए। आरडब्ल्यूए शालीमार गार्डन के अनुरोध के उपरांत तेज गर्मी में भी आम जनमानस के सुविधा के लिए जोनल प्रभारी मोहननगर आरपी सिंह के नेतृत्व शनिवार 10 बजे से 3 बजे तक चन्द्रशेखर पार्क शालीमार गार्डन एक्स 2 में वसूली कैंप लगाया गया जिसमें वर्तमान संपत्ति कर पर 20% छूट का लाभ दिया जा रहा है। कैंप में कुल वसूली राशि के लगभग 7 लाख जमा कराए गए। कैंप में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर अपना भवन कर जमा कराया। जोनल प्रभारी आरपी सिंह के द्वारा बताया गया कि निकट भविष्य में भी अवकाश के दिन आम जनमानस की सुविधा हेतु कैंप लगाये जाएंगे।

# ताला तोड़कर लाखों का सरिया चोरी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शाहजहांपुर रोड स्थित उघोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के गोदाम का ताला तोड़कर बदमाश लाखों रुपए की कीमत का सरिया चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव गदाना निवासी विनोद राठी उघोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। उनका एक गोदाम गांव शाहजहांपुर रोड पर बना हुआ है। उन्होंने अपना गोदाम गांव बिसोखर निवासी अशफाक अहमद को दे रखा है। बदमाश गोदामा का ताला तोड़कर सरिया चोरी करके ले गए और सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। सरिया की कीमत लाखों की बताई जा रही है।

विनोद राठी ने बताया कि 13 मार्च को भी गोदाम में चोरी हो चुकी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।




### ये बात समझ नही आई आखिर इतने खुश क्यों हैं भाजपाई

क जो चार सौ पार का नारा दे रहे थे वो खुद अपनी लोकसभा में बड़ी मुशिकल से डेढ़ को क्रास कर पाये जबकि उम्मीद थी कि चार लाख का मार्जिन तो ले ही आयेगें। आठ के दावे वाले पहले 6 पर आये फिर पांच पर आये फिर चार पर आये और तीन प्लस के साथ उन्होने बनारस और लखनऊ को पछाड़ते हुये जीत हासिल की। बाहर वालों के सहयोग से सरकार तो बन जायेगी लेकिन इंटरनल तकरार अब बाहर आ गई है। बूढ़ा भाजपाई तो सीधे सीधे मठ वाले बाबा को कोस रहा है। कमाल ये है कि कमल वालों का एक खेमा ऐसा है कि जो ना गुस्से में हैं और ना अफसोस कर रहा है। बात यही समझ नही आई कि आखिर ये वाले भाजपाई इतने खुश क्यों हैं। वो कह रहे है कि अब आया हैं ऊंट पहाड़ के नीचे। ये वो बेहतर जानते है कि भाजपा की इस हार में वो किसे ऊंट मान रहे हैं और किसे पहाड़ बता रहे हैं। हार के बाद सरकार वालों की खुशी पहली बाद दिखाई दे रही है। एक तो कह चुके है कि काश लोकसभा हार का सीन यहां भी हो जाता तो कसम से मिठाई बांटता तो मतदाताओं का आभार प्रकट करता मैं तो।

### एक तबादले के लिये लगा रहे हैं कैबिनेट व स्वतंत्र प्रभार वाले जोर

इन्हे पब्लिक तो महा जनादेश दे रही है और जनादेश वालों को एक अफसर के तबादले के लिये जोर लगाना पड़ रहा है। इलेक्शन में विधायक कहते ही रह गये लेकिन अफसर से सिक्योरिटी को लेकर एक ना सुनी। पार्षद वाले केस में मेयर का प्रोटोकाल तक हाशिये पर हो गया और अफसर का लहजा तो कतई ठीक नही बताया जाता। अब जब एक अफसर के तबादले के लिये कैबिनेट मंत्री जोर लगा रहे हैं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जोर लगा रहे हैं और एक सासंद दो विधायक भी जोर लगा के हई शा वाले सीन में हैं। अपोजीशन के नेता ने जब पावर वालों के मंत्री विधायक सासंद की ये पोजीशन देखी तो उसने कहा कि बेचारे सरकार वाले भी एक पुलिस अफसर के तबादले के लिये मिलकर कितना जोर लगा रहे हैं। अफसर के तबादले के लिये बैठके कर रहे हैं तो सोचो कि अगर ये अफसर संस्पेंड कराना होता तो इनका क्या हाल होता।

### पहली ईंट के साथ मेंबर की डिमांड अगर नही दिये तो रोड़ा हैं तैयार

नाली खड़जे वाले महकमें में महंगाई ने सबसे ज्यादा असर डाला है। यहां भुगतान स्लो हो रहा है और कमीशनखोरी का पूरा फ्लो हो रहा है। कमाल ये है कि बड़े साहब ने साफ कह दिया कि मैं लूंगा नही और बाकी क्या कर रहे हैं इससे मुझे कोई लेना देना नही। महकमा सूत्र बता रहे हैं कि हाल इतना बुरा चल रहा है कि वार्ड में अगर पब्लिक मूत्रालय भी बन रहा है तो पहली ईंट के साथ डिमांड होगी और नही दिये तो रोड़े अटका देगें शिकायते कर कर के। भुक्तभोगी ने बताया कि मेंबर तो साईकिल वाले भी रहे हैं और हाथी वाले भी रहें हैं और इतना बुरा हाल तो हाथ वालों ने भी नही किया लेकिन ये तो कमीशन मांग रहे हैं और वो भी एडवांस में। जीएसटी से लेकर एमबी भरे जाने से पहले इनकी जेब भरो नही तो फोन कर कर के दिमाग की दही कर देते हैं भाईसाब ये।

# एचपीडीए की बोर्ड बैठक में 20 प्रस्ताव पर लगी मुहर

- शहर का होगा विकास, जंगल की जमीन खरीदेगा प्राधिकरण



**हापुड़ करंट क्राइम।** मास्टर प्लॉन 2031 के तहत प्राधिकरण ने अपनी योजनाओं को विस्तार देना शुरू कर दिया है। मेरठ में हुई प्राधिकरण की 70वीं बोर्ड बैठक में 22 प्रस्तावों में से 20 प्रस्ताव पास हो गए। मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे की अध्यक्षता में बैठक की शुरू हुई।

प्राधिकरण के वीसी डा. नितिन कुमार गौड़ ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र के विकास को लेकर तत्पर है। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा अपने क्षेत्र को विकसित करने के लिए और भूमि खरीदने की योजना है। जिसके लिए बेहतर कनेक्टिविटी को देखते हुए हापुड़ से मेरठ बाईपास मार्ग पर गांव धनौरा के जंगल की भूमि को किसानों से खरीदा जाएगा। हालांकि कितनी भूमि है इसकी योजना बनाई जा रही है।

नगरीय अवस्थापना निधि के 4.78 करोड़ के छह कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। इनमें गढ़मुक्तेश्वर मेला रोड पर 1.20 करोड़ की लागत से सडक का निर्माण, हिंडालपुर में प्रधानमंत्री आवासीय योजना के परिसर की चारदीवारी के लिए 1.61 करोड़ का कार्य शामिल है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति 2022 के तहत यहां कार्य कराए जाएंगे। अमृत योजना के अन्तर्गत जीआईएस बेस्ड महायोजना 2031 की स्वीकृति का प्रस्ताव भी इस बैठक में रखा गया, जो पास कर दिया गया।

### मेडिकल बिल भी किए गए पास

मानचित्र शुल्कों की दरों में पुनर्निर्धारण के प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया। प्राधिकरण के कर्मचारियों के पांच लाख तक के मेडिकल बिल भी पास कर दिए गए। इसके अलावा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के तहत नीलामी के लिए न्यूनतम आरक्षित दरों के निर्धारण का प्रस्ताव भी पास हो गया। बैठक में एनएच 9 गांव सरूरपुर के पास हरित पट्टी में सीएनजी पंप की भूमि के प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया।

### दस भूखंडों को स्वीकृत कराने का प्रस्ताव पास नहीं

गांव बांगर के पास हरित पट्टी के अवशेष भाग पर सामुदायिक सुविधाएं और फिलिंग स्टेशन के निर्माण संबंधी मानचित्र को स्वीकृत किया गया। खैरपुर खैराबाद में कृषि भूमि को उपयोग परिवर्तित करने का प्रस्ताव पास किया गया। प्रीत विहार आवासीय योजना के तहत 765केवी लाइन के प्रभावित दस भूखंडों को स्वीकृत कराने के प्रस्ताव को स्वीकृत नहीं मिली। बैठक में डीएम प्रेरणा शर्मा, प्राधिकरण के अपर निदेशक कोषागार अतुल कुमार सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

# सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान का रालोद व भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल व भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में बागपत से सांसद चुने गये डॉ0 राजकुमार सांगवान के पहली बार मोदीनगर आगमन पर विधायक डॉ0 मंजू सिवाच व चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन रामआसरे शर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, सत्येंद्र त्यागी, भोजपुर की प्रमुख सुचेता सिंह, देवेंद्र चौधरी, बीजेपी व राष्ट्रीय लोकदल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनकी जीत नहीं बल्कि आप सब साथियों व मतदातओं की जीत है। उनहोंने क्षेत्र के विकास व जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प दोहराया।

# देश के सभी नगर निगम में लागू होगा गाजियाबाद का यह प्लान, पर्यावरण संरक्षण में करेगा मदद




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण एक्सपो 2024 के अंतिम दिन आयोजित अखिल भारतीय महापौर और आरडब्ल्यूए शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने कहा कि गाजियाबाद जैसा मोबाइल एप 311 हर नगर निगम में बनाया जाना चाहिए। इससे लोग घर बैठे अपनी समस्याओं की शिकायत कर उनका समाधान करा सकेंगे। सम्मेलन में भूजल दोहन, जल प्रदूषण पर रोक लगाने और बारिश के जल का संरक्षण करने के प्रस्ताव भी पारित किए गए।

नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन आंध्र प्रदेश सरकार के सलाहकार राजन छिब्बर ने किया। जल प्रबंधन पर पहले सत्र की अध्यक्षता करते हुए ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश के मेयर टेस फासांग ने कहा कि नियमों को दृढ़ विश्वास के साथ लागू करने से आधी से अधिक समस्याएं हल हो जाएंगी।

ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष स्वदेश कुमार ने जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह मानव गतिविधियों के कारण हो रहा है और पृथ्वी पर जीवन के लिए खतरा है। बढ़ते ग्रीनहाउस गैसों के कारण जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है, जिसके विनाशकारी प्रभाव हो सकते हैं। सम्मेलन में औद्योगिक और वाणिज्यिक संस्थानों में भूजल दोहन पर रोक लगाने, आवश्यकता पड़ने पर पैमाइश करने, बहुमंजिला सोसाइटियों में 100% वाटर रिचार्ज पर हाउस टैक्स में छूट देने और औद्योगिक क्षेत्रों में जल प्रदूषण के लिए सिविल सोसाइटी के सहयोग लेने जैसे प्रस्ताव पारित किए गए।

### मोबाइल एप 311 की सराहना

राज्यसभा सांसद बंसल ने गाजियाबाद के मोबाइल एप 311 की सराहना की, जिसके जरिए 90% शिकायतों का समाधान ऑनलाइन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी नगर निगमों में ऐसे ऐप होने चाहिए। सम्मेलन में देहरादून, कानपुर, बरेली, जम्मू और गाजियाबाद के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# नोएडा में 50 बाइक चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार

## एक पर दर्ज है 42 मुकदमे, 30 बाइक बरामद, मास्टर की और तार काटकर करते थे चोरी



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में 2 अलग-अलग थाना क्षेत्र में 4 बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 30 बाइक और 3 स्कूटी बरामद की गई है। चोरी की घटना दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में की गई है। चोरी की बाइकें दिल्ली में बेचते थे और उनसे मिले रुपए आपस में बांट लेते थे।

### थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

मास्टर की और तार काटकर सेकेंडों में बाइक चोरी करने वाले 2 शातिर चोरों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इनके पास से 19 बाइक बरामद की गई। ये लोग बाइक के पार्टस और बाइक दोनों को बेच देते थे।

### थाना सेक्टर-39 में दो बाइक चोर गिरफ्तार

थाना सेक्टर 39 नोएडा पुलिस ने भी दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 11 बाइक 03 स्कूटी, और एक ई रिक्शा बरामद किया गया। इन दोनों को सोम बाजार से गिरफ्तार किया गया।

इनकी पहचान अमिनेश उर्फ अन्नी और शिवम हुई है। इनके ऊपर 6-6 मुकदमे दर्ज है। डीसीपी ने बताया कि ये दोनों भी नोएडा दिल्ली और गाजियाबाद से बाइक चोरी करते थे। इनसे मिली बाइक में सात ऐसी है जिनके केस नोएडा में रजिस्टर्ड है।

आरोपियों की पहचान अनूप मावी और देव कुमार के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अनूप मावी पर 42 मुकदमे और देव कुमार पर 10 मुकदमे दर्ज है। ये लोग दिल्ली के विभिन्न स्थान, गाजियाबाद, साहिबाबाद, नोएडा में बाइक चोरी करते थे। डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस को सूचना मिली कि दो शातिर बाइक चोरी सेक्टर-74/75 क्रासिंग की ओर आने वाले है। पुलिस ने चैकिंग बढ़ा दी। इस दौरान मुखबिर ने पुलिस को इशारा किया। इशारा मिलते ही पुलिस ने दोनों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वो भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया गया इस दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि ये दोनों बदमाश काफी समय से सक्रिय थे। इनकी निशानदेही पर 19 बाइक बरामद की गई। इनमें से अधिकांश बाइक स्पैलेंडर है। ये दोनों बाइक के पार्टस और पूरी बाइक कबाड़ या अन्य स्थानों पर बेच देते थे। उन्होंने बताया कि ये दोनों एक बाइक से दिल्ली एनसीआर में घूम-घूम कर पहले बाइक की रेकी करते थे। इसके बाद मास्टर की या तार काटकर और ताला तोड़कर बाइक स्टार्ट कर ले जाते थे।

# नोएडा में 10वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के सेक्टर 132 में निमार्णाधीन बिल्डिंग के 10वीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि बीम बांधने के दौरान पैर फिसलने से हादसा हुआ। पुलिस ने बताया- सेक्टर 132 में ओपेरा टावर का निर्माण किया जा रहा है। 10वें फ्लोर पर बीम बांधने का काम हो रहा है। सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास राजवीर (45) पुत्र हरिनंदन भी वहां काम कर रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया। इससे वो सीधे नीचे आकर गिरा। मौके पर मौजूद लोग उसे नजदीक अस्पताल ले गए। वहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजवीर शाहजहांपुर का रहने वाला था। यहां कंस्ट्रक्शन साइट पर ही रहता था। बताया गया कि राजवीर की मौत सिर पर चोट लगने से हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# पौधे वितरित कर दिया पर्यावरण का संदेश





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भीषण गर्मी का ये मौसम हमे चेतावनी दे रहा है कि यदि मानव पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नहीं देगा तो आने वाला समय कठिन होगा। पुष्पांजली महिला सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद ने हरित संदेश देते हुए अनेक स्थानों पर जाकर लोगो को पौधे वितरित किए। पुष्पा प्रसाद ने कहा कि हम सभी संकल्प ले कि हम अपने जीवन में प्रति वर्ष 5 पौधे लगाएंगे और उन्हें पेड़ बनाएंगे। इस अवसर पर सुषमा चौहान, शालू शर्मा, दीपाली, रत्ना यादव, रिचा, जानकी अधिकारी, संतोष चौहान, मुख्य रूप से मौजूद थे।

# हापुड़ में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

# पैर में गोली लगने से 2 घायल, बिजली का तार चोरी करके बेचते थे



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में शुक्रवार की देर शाम गढ़ पुलिस की बिजली तार चोर गिरोह के बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। जिनके कब्जे से दो तमंचे, मैजिक गाड़ी और उसमें रखा दो कुंतल तार बरामद हुआ है। बदमाशों के विरुद्ध लगभग 2 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। जबकि उनके फरार साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस झड़ीना के निकट मध्य गंग नहर पटरी किनारे स्थित चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय को सूचना मिली की आसमाबाद की तरफ से एक मिनी ट्रक में बिजली की लाइन के तार चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य चोरी के तार के साथ आ रहे हैं। जिस पर पुलिस टीम सतर्क हो गई और सख्ती से चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच सामने से आ रहे मिनी ट्रक को रोकने का इशारा किया तो ट्रक में मौजूद बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर तमंचे से फायरिंग कर दी। जिससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए घेराबंदी शुरू कर दी तो बदमाश मिनी ट्रक से उतर कर भाग निकले। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों को पुलिस टीम ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### फरार बदमाशों की तलाश जारी

सीओ ने बताया कि आरोपी बुलंदशहर के अनूपशहर निवासी इस्लाम और खानपुर निवासी सुरेंद्र सिंह है। जिनके पास मिले मिनी ट्रक से दो क्विंटल चोरी का बिजली का तार बरामद हुआ। तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाश हापुड़ सिटी और गढ़ इलाके में लाखों रुपए के तार चोरी कर चुके हैं। जबकि बुलंदशहर और अमरोहा में भी तार चोरी की घटना को अंजाम दिया। फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# गौतमबुद्ध नगर के सांसद बनेंगे केंद्रीय मंत्री

## डॉ. महेश शर्मा को मिल सकता है अहम मंत्रालय, सबसे बड़ी जीत का मिलेगा इनाम

**नोएडा करंट क्राइम।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा से जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा को मोदी की 3.0 सरकार में जगह मिल सकती है। सूत्रों का दावा है कि महेश शर्मा का नाम लगभग तय हो गया। बस उनके नाम की घोषणा होना बाकी है। बताया जा रहा है कि महेश शर्मा को मोदी सरकार में अहम मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। फिलहाल लोगों की नजरें मोदी की 3.0 सरकार के मंत्रिमंडल पर टिकी हुई है।

### इन खूबियों ने महेश शर्मा को बनाया मोदी का चहेता

मोदी सरकार में महेश शर्मा संस्कृति मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उन्हें मंत्रालय का चलाने का काफी अच्छा अनुभव है। इसके अलावा पार्टी की तरफ से सौंपी गई सभी जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभा चुके हैं। महेश शर्मा इससे पहले सांसद होने के साथ ही कई राज्यों में चुनाव प्रभारी का पद भी संभाल चुका है। ज्यादातर चुनावों में उन्होंने पार्टी काफी फायदा पहुंचाया है। सूत्रों का दावा है कि पार्टी के लिए महेश शर्मा की मेहनत को देखते हुए ही उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया जा रहा है।



### डॉक्टर होने के बाद बने विधायक, फिर केंद्रीय मंत्री

पेशे से डॉक्टर डॉ. महेश शर्मा संस्कृति मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा वे नागरिक उड्डयन मंत्रालय के राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वे यूपी से विधायक भी चुने जा चुके हैं।

### सबसे बड़ी जीत के साथ बड़ा कद

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा से डॉ. महेश शर्मा की यह लगातार तीसरी जीत है। इस जीत के मायने पिछले दो जीतों से काफी अलग हैं। दरअसल, इस बार महेश शर्मा ने यूपी में वोटों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई है। महेश शर्मा ने 8,57,829 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर को रिकॉर्ड 5,59,472 मतों से हराया। गौतमबुद्ध नगर सीट पर डॉ. महेश शर्मा की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। उन्हें कुल पड़े मतों का 59.69 प्रतिशत मत मिला। इस जीत के साथ ही उनका कद भी बढ़ गया है। मोदी सरकार महेश शर्मा को इस बड़ी जीत का इनाम केंद्रीय मंत्री बनाकर देगी।



# एनडीए की बड़ी जीत पर पाक से अब तक नहीं आया शुभकामना संदेश

**इस्लामाबाद।** नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। कार्यवाहक पीएम मोदी के शपथ समारोह से पहले पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया दी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने बताया कि उनका देश भारत समेत अन्य सभी पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध बनाना चाहता है। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने सभी विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आधिकारिक तौर पर नई सरकार के गठन से पहले पीएम मोदी को बधाई देना बचकाना होगा।

### मोदी के फिर से पीएम बनने पर पाकिस्तान ने दी प्रतिक्रिया

पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत एनडीए ने लोकसभा चुनाव में 293 सीटें हासिल कीं। इसी के साथ एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। पीएम मोदी नौ जून यानी की कल भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। पीएम मोदी को बधाई देने को लेकर पूछे गए एक सवाल पर मुमताज जहरा बलोच ने कहा, अपने नेतृत्व के बारे में फैसला लेना भारतीय नागरिकों का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा, उनके चुनावी प्रक्रिया को लेकर हम कोई बयान नहीं देंगे। अभी तक आधिकारिक तौर पर नई सरकार का गठन नहीं हुआ है, ऐसे में भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देना बचकाना होगा। भारत के साथ पाकिस्तान के संबंध पर बात करते हुए बलोच ने दावा किया कि पाकिस्तान ने हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की है। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान हमेशा से भारत समेत अपने पड़ोसियों देशों के साथ सहयोगात्मक संबंध बनाकर रखना चाहता है। हमने जम्मू कश्मीर समेत अन्य मुख्य विवादों को सुलझाने के लिए लगातार बातचीत की है।

भारत ने कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध चाहता है। इससे पहले केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए कभी दरवाजे बंद नहीं किए, लेकिन जिनके पास इतने सारे आतंकवादी कैंप हो तो यह बातचीत का मुख्य मुद्दा होना चाहिए।

# कनाडा में लगे इंदिरा गांधी की हत्या से जुड़े पोस्टर, सांसद ने जताई चिंता

**ओटावा।** खालिस्तानी समर्थक लगातार कनाडा में भारतीयों को धमका रहे हैं। अब एक पोस्टर के जरिए धमकी दी जा रही है, जिसमें इंदिरा गांधी की हत्या का दृश्य दिखाया गया है। इस पर भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने शनिवार को चिंता जताई। साथ ही खालिस्तानी समर्थकों से निपटने के लिए आवाज भी उठाई।

### हिंदू-कनाडाई में हिंसा का डर

आर्य ने दावा किया कि खालिस्तानी समर्थक एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के पोस्टर लगाकर 'हिंदू-कनाडाई' में हिंसा का डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें, पोस्टर में इंदिरा गांधी के शरीर में गोलियों



के छेद दिखाए गए हैं। साथ ही हत्यारे बने उनके सिख अंगरक्षकों के हाथ में बंदूकें दिखाई गई हैं।

कनाडा के संसद सदस्य आर्य ने कहा कि कुछ साल पहले ऐसा ही डर का माहौल था। उन्होंने एक्स पर कहा, 'वैंकूवर में खालिस्तान समर्थक एक पोस्टर के साथ एक बार फिर हिंदू-कनाडाई लोगों में हिंसा का डर पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस पोस्टर में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का गोलियों से छलनी शव और उनके हत्यारे हाथों में बंदूकें लिए खड़े हैं।'

कनाडा के सांसद आर्य ने कहा कि अगर इसे चुनौती नहीं दी जाती है, तो सच में कुछ हो सकता है। उन्होंने एक्स पर कहा, 'संदेश देने के लिए आसानी से ऐसी तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर इन्हें चुनौती दिए बिना जाने दिया गया तो यह सच में खतरनाक हो सकता है।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इंदिरा गांधी के माथे पर बिंदी दिखाना यह सुनिश्चित करना था कि निशाना हिंदू-कनाडाई थे।

पिछले साल जून में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या का जश्न मनाने के लिए कनाडा में एक झांकी परेड का आयोजन किया गया था, जिसकी नई दिल्ली से कड़ी आलोचना हुई थी। इस साल मार्च में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा में भारतीय दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए थे और मौके पर मौजूद भारतीय मूल के पत्रकारों पर कथित तौर पर हमला किया था।

**धमकियों का सिलसिला जारी**

सांसद आर्य ने कहा, 'यह धमकियों का सिलसिला है, जिसमें कुछ साल पहले ब्रैम्पटन में इसी तरह की घटना देखी गई थी। वहीं कुछ महीने पहले सिख फॉर जस्टिस के पन्नू ने हिंदुओं से भारत वापस जाने के लिए कहा था। मैं फिर से कनाडा में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान करता हूं।'

# बच्चों के खिलाफ अपराध के लिए वैश्विक अपराधियों की सूची में इस्राइली सेना

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराध के लिए इस्राइली सेना को अपराधियों की वैश्विक सूची में शामिल किया है। इस्राइल के संयुक्त राष्ट्र दूत गिलाद एर्दन ने फैसले को शर्मनाक बताया। एक राजनयिक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद को भी सूचीबद्ध किया जाएगा।



एर्दन ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर फैसले के बारे में सूचित किया गया। गुटेरेस 14 जून को बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर एक रिपोर्ट भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पेश करने वाले हैं।

इस रिपोर्ट में छह उल्लघनों को शामिल किया गया है, जिनमें हत्या और अपंगता, यौन हिंसा, अपहरण, बच्चों की भर्ती और उपयोग, सहायता पहुंच से इनकार और स्कूलों और अस्पतालों पर हमले शामिल हैं।

इस्राइल के विदेश मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि इस फैसले का संयुक्त राष्ट्र के साथ इस्राइल के संबंध पर असर पड़ेगा। इस्राइल के लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र के साथ विवादित संबंध रहे हैं, जो गाजा पट्टी में इस्राइल-हमास युद्ध से और खराब हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले महीने कहा था कि आठ महीने लंबे चले इस युद्ध के दौरान गाजा में कम से कम 7797 बच्चे मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कुल मिलाकर करीब 15,500 बच्चे मारे गए हैं। इस्राइल के राष्ट्रीय बाल परिषद के मुताबिक, सात अक्तूबर को हमास के हमले में 38 बच्चे मारे गए। बंधक बनाए गए कुल 250 लोगों में 42 बच्चे भी थे।

# अंतरिक्ष यात्री रहे विलियम एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत

**सिएटल।** अपोलो-8 के अंतरिक्ष यात्री रहे विलियम एंडर्स की सैन जुआन द्वीप में विमान दुर्घटना में मौत हो गई। उनके बेटे ग्रेग ने इसकी जानकारी दी। 90 वर्षीय एंडर्स अपने विंटेज एयर फोर्स टी-34 मेंटर पर सवार थे। उनका विमान वॉशिंगटन से सैन जुआन द्वीप की तरफ जाने के दौरान पानी में गिर गया। सोशल मीडिया पर विमान दुर्घटना की तस्वीरें सामने आई हैं।



यूनाइटेड स्टेट्स कोस्ट गार्ड पैसिफिक नॉर्थवेस्ट के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह के 11:45 बजे घटी। बता दें कि विलियम एंडर्स ने 1968 में एक अर्थराइज की अद्भुत तस्वीर ली थी। सोशल मीडिया पर यूजर्स उनकी मौत पर शोक जता रहे हैं।

एक यूजर ने एंडर्स द्वारा लिए गए एक तस्वीर को साक्षा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। यूजर ने अपने पोस्ट में लिखा, अपोलो-8 के अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स को शांति मिले। यह तस्वीर उन्होंने 24 दिसंबर 1968 में खींचा था। एक दूसरे यूजर ने लिखा, इस कठिन समय में मेरी संवेदना विलियम एंडर्स के परिवार के साथ है। एक तीसरे यूजर ने कहा, विलियम एंडर्स को शांति मिले। आप और आपके क्रू ने हमें पहली बार पूरी

# ईयू चुनाव के लिए प्रचार करके लौट रहीं प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पर हुआ हमला, आरोपी गिरफ्तार

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट फ्रेडरिक्सन पर कोपेनहेगन में एक शख्स ने अचानक हमला कर दिया। फिलहाल मेट सदमे में हैं। इस घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। वहीं, हमले की यूरोपीय संघ के प्रमुखों ने निंदा की।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी ने पीछे से आकर फ्रेडरिक्सन को जोर से धक्का मारा। इससे वे लड़खड़ा गईं। हालांकि कोपेनहेगन पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

यह हमला यूरोपियन यूनियन




(ईयू) चुनाव से ठीक पहले हुआ है। ईयू के चुनाव नौ जून को होने हैं। डेनमार्क पीएम फ्रेडरिक्सन सोशल डेमोक्रेट्स यूरोपीय संघ के प्रमुख उम्मीदवार क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ प्रचार कर रही हैं। घटना के वक्त वे प्रचार से ही लौट रही थीं।

एक मीडिया रिपोर्ट में प्रधानमंत्री कार्यालय के हवाले से लिखा कि फ्रेडरिक्सन इस हमले से सदमे में हैं। घटना के चश्मदीदों मैरी एड्रियन और एना रेवन ने बताया कि एक आदमी दूसरी तरफ से आया और पीएम मेट के कंधे पर जोर से धक्का मारा। धक्का बहुत जोर से लगा था, लेकिन वह गिरने से बच गईं। इसके बाद वह एक कैफे में बैठ गईं।

चश्मदीदों ने उस आदमी को लंबा और पतला बताया। साथ ही कहा कि शख्स ने सबकुछ बहुत जल्दी करने की कोशिश की थी, लेकिन सुरक्षा गार्डों ने उसे पकड़ लिया।

**यूरोपीय राजनेताओं पर हिंसक हमले बढ़े :** हाल के दिनों में यूरोपीय राजनेताओं पर हिंसक हमले बढ़े हैं। चार जून को मैनहेम में एक संदिग्ध व्यक्ति ने बॉक्स कटर से वार करके

# सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए बाइडन ने मांगी यूक्रेन से माफी, कहा- हम आपका साथ नहीं छोड़ेंगे




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से माफी मांगी। बाइडन ने माफी तब मांगी, जब शुक्रवार को जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य पैकेज की घोषणा की। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से कहा कि आप जैसे लड़ रहे हैं वह अद्भुत है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच दो वर्षों से अधिक समय से संघर्ष जारी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जेलेंस्की से कहा, आप झुके नहीं हैं। आप जैसे लड़ रहे हैं, वह अद्भुत है। आप ऐसे ही लड़ना जारी रखें। हम आपका साथ नहीं छोड़ने वाले हैं। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें जो बिल पारित करवाना है, उसके लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सैन्य पैकेज में देरी के लिए उन्होंने यूक्रेन से माफी मांगते हुए कहा, फंडिंग को लेकर क्या परशानी है, मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। जिस बिल को हम पारित कराना चाहते थे, उसके लिए हमें परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ ऐसे लोग भी इसमें शामिल थे, जो इसे रोक कर बैठे थे। लेकिन हमने सब ठीक कर दिया है। बाइडन ने आगे कहा, तब से आज तक मैंने छह पैकेज की घोषणा की है। आज मैं विद्युत ग्रिड के पुनर्निमाण के लिए 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक अतिरिक्त पैकेज पर भी हस्ताक्षर कर रहा हूं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के लिए सभी देशों को आमंत्रित किया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस द्वारा अपहरण किए गए यूक्रेनी बच्चों को वापस लाने के लिए समय खत्म हो रहा है।

**शांति सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे राष्ट्रपति बाइडन**

जेलेंस्की ने बताया कि करीब 100 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। उन्होंने परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अपहरण किए गए यूक्रेनी बच्चों को बचाने पर जोर दिया। अमेरिका के व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन इस सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। उप राष्ट्रपति कमला हैरिस इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए अगले हफ्ते स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होंगी।

# राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले पाकिस्तानी पीएम शरीफ, दोनों के बीच सीपीईसी के काम को आगे बढ़ाने पर बनी सहमति

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेता ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) के सुधार और दूसरे चरण में अरबों डॉलर की इस परियोजना के विकास को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

### चार जून से बीजिंग यात्रा पर

शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक यात्रा पर गए हुए हैं। वह यहां चार जून से पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को बीजिंग के ऐतिहासिक ग्रेट हॉल ऑफ पीपुल में गहन चर्चा की। यहां दोनों नेताओं के अलावा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें, साल 2024 में पद संभालने के बाद से राष्ट्रपति शी के साथ शरीफ की यह पहली मुलाकात थी।

सरकारी मीडिया के अनुसार, दोनों नेताओं ने सीपीईसी के सुधार और इस बड़ी परियोजना को दूसरे चरण में आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।



गौरतलब है, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ने वाला सीपीईसी चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) की प्रमुख परियोजना है। बीआरआई को चीन द्वारा दुनिया भर में चीनी निवेश द्वारा वित्तपोषित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से विदेशों में अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### ग्वादर से झिंजियांग तक फैला बीआरआई

बीआरआई पहली बार 2013 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा 'सिल्क रोड' के रूप में एक भाषण में सामने आया था, जिसे अप्रैल 2015 में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की घोषणा के साथ हटा दिया गया था। बीआरआई ग्वादर से चीनी शहर झिंजियांग में काशगर तक फैला था।

चीन ने 65 अरब डॉलर की सीपीईसी योजना के तहत पाकिस्तान में विभिन्न बिजली परियोजनाओं और सड़क नेटवर्क में अरबों का निवेश किया है, लेकिन हाल के महीनों में विभिन्न परियोजनाओं का काम धीमा हो गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है, प्रधानमंत्री शरीफ ने राष्ट्रपति शी को आर्थिक सुधार और सतत वृद्धि, औद्योगिक विकास, कृषि आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय संपर्क के लिए पाकिस्तान की नीतियों और पाकिस्तान के विकास में सीपीईसी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की 2015 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक यात्रा को याद किया, जब सीपीईसी को औपचारिक रूप से शुरू किया गया था और द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू हुआ था। राष्ट्रपति शी की बेल्ट एंड रोड पहल और वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरआई की महत्वाकांक्षी परियोजना के तौर पर सीपीईसी ने पाकिस्तान के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है।

**इन मुद्दों पर भी चर्चा**

दोनों नेताओं ने कश्मीर सहित अफगानिस्तान, फलस्तीन और दक्षिण एशिया सहित क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री के सम्मान में एक भोज की मेजबानी की, जहां आपसी हितों के विभिन्न मामलों पर चर्चा का एक और दौर आयोजित किया गया। एक खबर के अनुसार शरीफ ने बैठक में पाकिस्तान में चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और संस्थानों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रमुख हित के मुद्दों के लिए अपने चिरस्थायी समर्थन को दोहराया।

# हूतियों का यमन में अचानक हमला यूएन के नौ कर्मचारियों व अन्य को भी बंधक बनाया

**दुबई।** बढ़ते वित्तीय दबाव और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन से हवाई हमलों का सामना कर रहे हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कम से कम नौ यमनी कर्मचारियों को अस्पष्ट परिस्थितियों में बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहायता समूहों के लिए काम करने वाले अन्य लोगों को भी बंधक बनाए जाने की आशंका है।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया है। इस समूह ने घरेलू स्तर पर भी असहमति के खिलाफ कार्रवाई की है, जिसमें हाल ही में 44 लोगों को मृत्युदंड देना शामिल है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त



पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में काम करने वाले जिन कर्मचारियों को बंधक बनाया गया है। उनमें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी, इसके विकास कार्यक्रम, विश्व खाद्य कार्यक्रम के कर्मचारी तथा विशेष दूत के कार्यालय में काम करने वाला व्यक्ति शामिल है।

**चार प्रांतों में रखे बंधक :** सभी बंधकों को हूतियों के कब्जे वाले चार प्रांतं (अमरान, होदेइदा, सादा और सना) में रखा गया है। बंधक बनाए एक कर्मचारी की पत्नी को भी विद्रोहियों ने पकड़ रखा है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कर्मचारियों को बंधक क्यों बनाया गया है। संयुक्त राष्ट्र ने इस खतरनाक कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। यह यूएन कर्मियों को मिले अंतरराष्ट्रीय विशेषाधिकारों और प्रतिरक्षा कानून का उल्लंघन है। इसे हम दमनकारी, अधिनायकवादी, ब्लैकमेलिंग प्रथा मानते हैं।

### ठोस ईंधन वाली फलस्तीनी मिसाइल का प्रक्षेपण किया

यमन के हूती विद्रोहियों ने अपने शस्त्रागार में एक नई, ठोस ईंधन वाली मिसाइल का प्रदर्शन कर उसका प्रक्षेपण किया है।


यह मिसाइल ईरान द्वारा पहले प्रदर्शित की गई मिसाइल से मिलती जुलती है जिसे तेहरान ने हाइपरसोनिक गति से उड़ने वाला बताया है। विद्रोहियों ने इस्राइल में दक्षिणी खाड़ी क्षेत्र में अकाबा के ईलात बंदरगाह पर अपनी नई फलस्तीनी मिसाइल दागी।

# 'मैं केवल उनसे बात करूंगा, जिनके पास असल ताकत' पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार पर साधा निशाना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का कहना है कि वे केवल उन्हीं लोगों से बात करेंगे, जिनके पास असल में शक्ति है। अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद खान ने अदियाला जेल में यह बातें कहीं। पत्रकारों से बात करते हुए खान ने आगे कहा कि सरकार के पास शक्ति नहीं है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, खान का निशाना पाकिस्तानी सेना पर था, जिसे सबसे वहां सबसे ताकतवर कहा जाता है।

### स्थिरता के बिना निवेश संभव नहीं निवेश

इसके अलावा, खान ने कहा कि देश में आर्थिक पतन हो रहा है। स्थिरता के बिना देश में कोई निवेश संभव नहीं है। आगामी बजट से




महंगाई और कर्ज बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक प्रतिशोध चल रहा है। मैं अपने वकीलों की मौजूदगी में ही सिफर मामले में एफआईए को जवाब दूंगा।

### केजरीवाल का दिया उदाहरण

खान ने उनके साथ किये गए दुर्व्यवहार की उच्चतम न्यायालय में शिकायत की और भारत में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने का उदाहरण दिया।

राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन से जुड़े एक मामले में प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को अपनी पेशी के दौरान खान ने उन्हें प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखेल, न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति सैयद हसन अजहर रिजवी भी पीठ में शामिल थे। न्यायमूर्ति मिनाल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान जेल में हैं जबकि वह एक बड़ी पार्टी के प्रमुख हैं जिसके लाखों समर्थक हैं।

खान ने शिकायत की कि आठ फरवरी को हुए पाकिस्तान के आम चुनाव से दूर रखने के लिए पांच दिन के अंदर ही उन्हें दोषी करार दे दिया गया। खान ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के लिए अध्यक्ष नियुक्त करना चाहिए।

# सिख गुरुओं ने ही मानवता के कल्याण की राह दिखाई: सांसद अतुल गर्ग

## सांसद को गुरु अर्जुन देवजी का चित्र व पुष्प भेंट कर किया सम्मानित



**साहिबश्री गुरु अर्जुन देवजी की शहादत ने देश को नई दिशा दिखाई, उनको शहीद करने वाले मुगलों का आज नामोनिशान तक नहीं है, जबकि गुरुओं के नाम पर लोगों को राह दिखाने वाले लाखों की संख्या में गुरुद्वारे स्थापित हैं।**

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** मानवता और समाज का सिख गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर ही कल्याण सम्भव है। यह विचार नवनिर्वाचित सांसद अतुल गर्ग ने अपने आवास पर आये सिख समाज के प्रमुख लोगों के सम्मुख रखे। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि साहिबश्री गुरु अर्जुन देवजी की शहादत ने देश को नई दिशा दिखाई, उनको शहीद करने वाले मुगलों का आज नामोनिशान तक नहीं है, जबकि गुरुओं के नाम पर लोगों को राह दिखाने वाले लाखों की संख्या में गुरुद्वारे स्थापित हैं। सिख समाज द्वारा अतुल गर्ग के सांसद निर्वाचित होने पर सरोपा, गुरु अर्जुन देवजी का चित्र व पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा कविनगर जी ब्लॉक के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह जौली, गाँधी नगर के अध्यक्ष जगमोहन सिंह सलूजा, राजनगर के अध्यक्ष मनजीत सिंह सेठी, दशमेश दरबार प्रताप विहार के संयोजक हरप्रीत सिंह जग्गी, अल्पसंख्यक आयोग उ० प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह, इंदिरापुरम गुरुद्वारा से श्रीमती सुनीता नागपाल, समाजसेवी गगन सिंह अरोड़ा, इकबाल सिंह सोढी, जसबीर सिंह सलूजा, जसपाल सिंह सलूजा, लवली कौर, जसविन्दर सिंह गम्भीर, गुरचरन सिंह, हरविंदर सिंह, ज्ञानी राजेन्द्र सिंह, सुरिन्दर सिंह सेठी, हरविंदर सिंह सलूजा, राजिन्दर सिंह जग्गी, झुझार सिंह, सुखविंदर सिंह, हरजीत सिंह आदि मौजूद रहे। श्री अतुल गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया। विदित हो कि आगामी 10 जून को देशभर में गुरु अर्जुन देवजी का शहीदी दिवस मनाया जा रहा है और इस अवसर पर सिख संगत जगह जगह छबील लगाकर मीठे शरबत का जल वितरित करती है।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का दिल्ली में गाजियाबाद के नेताओं ने किया स्वागत



● **प्रदेश अध्यक्ष अजय राय वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के सामने बहुत मजबूती से लड़ा चुनाव**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय 24,अकबर रोड पहुंचने पर गाजियाबाद के कांग्रेस नेताओं ने जोरदार स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत करने वालों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, ओबीसी के जिला अध्यक्ष विजयपाल चौधरी, पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस त्रिलोक सिंह,राजाराम भारती मोहन कुमार, सुनील शर्मा मोदीनगर, हाजी मेजर आदि शामिल रहे।

कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के सामने बहुत मजबूती से चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि मतगणना के कई राउंड तक श्री राय प्रधानमंत्री से काफी आगे चले और भाजपा को सोचने पर मजबूर कर दिया।

# तृतीय अखिल भारतीय ज्योतिष समागम में भाग लेने महंत नारायण गिरि पहुंचे रामनगर



**महाराजश्री ज्योतिष समागम के मुख्य अतिथि होंगे और ज्योतिषाचार्यो को करेंगे सम्मानित**

● **ज्योतिष समागम में देश भर से नामी ज्योतिष व धमार्चार्य भाग ले रहे हैं।**

**उत्तराखंड करंट क्राइम।** रामनगर में हो रहे तृतीय अखिल भारतीय ज्योतिष समागम में भाग लेने के लिए श्रीदूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरी महाराज रामनगर पहुंच गए हैं। महाराजश्री ज्योतिष समागम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

विदित हो कि तृतीय अखिल भारतीय ज्योतिष समागम का आयोजन 7 जून से ज्योतिष आचार्य सागर द्वारा वोव होटल एंड रिसोर्ट जिम कार्बेट पार्क में किया जा रहा है। ज्योतिष समागम में देश भर से नामी ज्योतिष व धमार्चार्य भाग ले रहे हैं। इसके संरक्षक कानूनगो धर्मेंद्र कुमार बंसल व श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संजीव महाराज हैं। समागम में ज्योतिष के अलावा धर्म चर्चा भी होगी और ज्योतिष में देश भर में टॉप करने वाले ज्योतिषाचार्यो को रविवार 9 जून को सम्मानित किया जाएगा। ज्योतिषाचार्यो को मुख्य अतिथि श्रीदूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी महाराज सम्मानित करेंगे। ज्योतिष समागम में भाग लेने के लिए महाराजश्री शनिवार को वोव होटल एंड रिसोर्ट जिम कार्बेट पार्क पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया और उनसे मुलाकात कर आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही।

# बृज विहार में बुजुर्ग महिला से लूटे सोने के कुंडल



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** बृज विहार क्षेत्र में मकान नम्बर 106 के पास शाम करीब पांच बजे घर के बाहर दूध लेने गई बुजुर्ग महिला से लुटेरों ने सोने के कुंडल लूट लिए। पुलिस घटनास्थल के पास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पीड़ित बुजुर्ग महिला जानकी रोजाना शाम को डेयरी से दूध लेने के लिए जाती है। शाम पांच बजे भी वह अकेली दूध लेने जा रही थी तभी एक पैदल युवक आया और कानों के कुंडल छीन कर भाग गया। इससे पहले बुजुर्ग महिला कुछ समझ पाती दूसरा लुटेरा महिला के हाथ में पकड़ा हुआ थैला छीनकर मौके से फरार हो गया। दिनदहाड़े लूटपाट से महिला अवाकक रह गई और वापस अपने घर लौटकर परिवार को इसकी जानकारी दी। जिस पर पीड़ित बुजुर्ग महिला के पति ने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पर लिंक रोड थाना पुलिस मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल व लोगों से पूछताछ कर बाइक सवार उचक्कों की खोजबीन में जुट गई है।

# ढाई साल के जोरावर सिंह ने बनाया विश्व रिकार्ड






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिस उम्र में बच्चे फलों का नाम बताने में अटक जाते है जिस उम्र में बच्चे याद की हुई कविता नही सुना पाते हैं उस उम्र में ढाई साल के जोरावर सिंह ने सबसे कम समय में सिख धर्म का पावन पवित्र मूल मंत्र सुना कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। ये नन्हा सिख गाजियाबाद का जोरावर सिंह ढिल्लन है। 2 वर्ष 7 महीने 4 दिन की आयु में जोरावर सिंह ने ये विश्व रिकार्ड अपने नाम किया है। सरदार जोरावर सिंह ढिल्लन ने 20 सेकंड में गुरू ग्रंथ साहिब के पवित्र मूल मंत्र को सुनाया। जोरावर की इस सफलता ने उन्हें वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान दिया है। गाजियाबाद के इस नन्हे सिख की उपलब्धि पर गर्व किया जा सकता है। विश्व विजेता सरदार जोरावर सिंह ढिल्लन की मम्मी गुरुप्रीत कौर ढिल्लन और उनके पापा भूपेन्द्र सिंह ढिल्लन बेहद खुश हैं। धर्म संस्कृति और परंपरा के ये संस्कार उनके बच्चे में जन्म से आए हैं। संकल्प आस्था श्रद्धा का ये एक बड़ा सबूत हैं।

## 20 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए मर्डर की फुलप्रूफ प्लानिंग

# सुसाइड लगे इसलिए एनेस्थीसिया देकर मारा, ऑडिशन लेकर रौबदार आवाज वाले से कराई अपहरण की कॉल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के प्रॉपर्टी डीलर की दिल्ली में हुई हत्या की प्लानिंग और उसके बाद की कहानी बेहद चौंका देने वाली है। मुख्य आरोपी ने इस प्लानिंग में तीन आरोपी जोड़े। एक को रुपए, दूसरे को एम्बुलेंस और तीसरे को मकान देने का लालच दिया। प्रॉपर्टी डीलर को एनेस्थीसिया देकर इसलिए मारा, ताकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण खुदकुशी जैसा लगे। इस हत्याकांड के बाद पुलिस उलझ कर रह जाए, इसलिए हत्या के आरोपी ने अपहरण की कॉल कराई। ये कॉल कौन व्यक्ति करेगा, उसकी रौबदार आवाज जांचने के लिए हत्या के आरोपी ने बाकायदा कइयों का ऑडिशन लिया। इस हत्याकांड में कुल 4 आरोपी गिरफ्तार हैं, जो जेल भेज दिए गए हैं।

### पावर ऑफ अटॉर्नी कराकर नीयत में आई खोट

गाजियाबाद में इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के नीतिखंड निवासी राकेश वार्ष्णेय और दिल्ली के भजनपुरा निवासी राजू उपाध्याय पिछले छह साल से प्रॉपर्टी डीलर का काम एकसाथ करते थे। राकेश की मुरादाबाद में एक प्रॉपर्टी थी, जिसकी कीमत करीब 20-22 करोड़ रुपए थी। राकेश ने इसे बिकवाने के लिए राजू से कहा। राजू ने नवंबर-2023 में इसकी पावर ऑफ अटॉर्नी अपने नाम करा ली। इसके बाद राजू के नीयत में खोट आ गई। उसने सोचा कि अगर राकेश न रहे तो ये सारी प्रॉपर्टी उसी के नाम हो जाएगी।



### पुलिस का ध्यान भटके, इसलिए अपहरण की कॉल कराई

पुलिस जब कई दिन तक राकेश का पता नहीं लगा पाई तो राजू ने फिर दूसरी तरफ ध्यान भटकाने की कोशिश की। राजू ने राकेश की फैमिली को उसके अपहरण हो जाने और जान से मारने की धमकी देने की कॉल कराई। इस कॉल के लिए मुंबई से सिम मंगाया और दिल्ली की गफ्फार मार्केट से पुराना सादा मोबाइल खरीदा। राजू ऐसे व्यक्ति से कॉल कराना चाहता था, जिसकी आवाज रौबदार हो। उसने तीन-चार लोगों का ऑडिशन लिया। फिर उसमें से एक व्यक्ति को सिलेक्ट किया। उससे कॉल करवाई। इसके बदले राजू ने उसे शराब गिफ्ट की।

### शराब में जहर मिलाया, एनेस्थीसिया के 6 इंजेक्शन दिए

20 फरवरी को दिल्ली के दिलशाद गार्डन स्थित ऑफिस में राकेश को नीला थोथा (जहर) मिलाकर शराब पिलाई गई। फिर उन्हें एनेस्थीसिया के 6 इंजेक्शन लगाकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद लाश मुरादनगर गंगनहर में फेंककर उनकी क्रेटा कार शालीमार गार्डन इलाके में खड़ी कर दी गई। शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने इस हत्याकांड में 6 जून को मुख्य आरोपी राजू उपाध्याय सहित अनुज गर्ग, कृष्ण अग्रवाल और हरीश शर्मा को गिरफ्तार किया। अगले दिन जेल भेज दिया है।

गाजियाबाद पुलिस के डीसीपी (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटील ने बताया कि मुख्य हत्या के आरोपी राजू उपाध्याय ने राकेश वार्ष्णेय के लापता होने के बाद उनके परिवार के साथ हमदर्दी दिखाने की कोशिश की। राकेश की गुमशुदगी दर्ज कराने पीड़ित परिवार के साथ थाने पर आया। कई बार पुलिस अधिकारियों से भी मिला। उसने ये जरा भी एहसास नहीं होने दिया कि वो इस केस में मुख्य आरोपी है। इतना ही नहीं, हत्या के आरोपी राजू उपाध्याय ने राकेश की फैमिली की तरफ से कोर्ट में 156/3 का केस डलवा दिया। इसमें उन लोगों को आरोपी बनाया गया, जिनकी राकेश से दुश्मनी थी। राजू चाहता था कि पुलिस का ध्यान इस केस से पूरी तरह भटक जाए। लेकिन, जब पुलिस को कोई क्लू नहीं मिले तो पुलिस के शक की सुई राजू पर गई। पुलिस ने जब राजू के मोबाइल की कॉल डिटेल रिपोर्ट निकाली तो राकेश और राजू की लोकेशन सेम पॉइंट पर मैच होती चली गई।

# कौशाम्बी में फायरकर्मियों ने फिर नाले में गिरी गाय को सुरक्षित निकाला

## क्षेत्र में लगातार हो रही हैं नालों में गाय के गिरने की घटनाएं

**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** कौशाम्बी के राजपथ रेजिडेंसी सोसायटी के पास नाले में एक गाय गिर गई जिसकी सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से रेस्क्यू यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। घटनास्थल पर जाकर देखा तो गाय नाले के अंदर फसी हुई थी, फायर यूनिट ने बिना देरी किए तत्काल रेस्क्यू करना आरंभ किया। गाय अत्यधिक संकरे नाले में फंसी हुई थी। गाय के नाले में गिरने की यह इस क्षेत्र में दूसरी घटना है, शुक्रवार को भी ईडीएम मॉल के पास बने नाले में गिरी गाय को फायरकर्मियों ने सुरक्षित निकाला था। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि कौशाम्बी राजपथ रेजिडेंसी के पास के नाले में एक गाय के गिरने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से कौशाम्बी में ही रेस्क्यू के लिए गई यूनिट को यह सूचना दी गई, सूचना मिलते ही डिजास्टर वैन मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुई। फायर यूनिट ने बिना देरी किए तत्काल रेस्क्यू कर गाय को कड़ी मशक्कत कर सुरक्षित नाले से बाहर निकला, इसमें कोई जनहानि नहीं हुई।



# एचपीडीए की बोर्ड बैठक में 20 प्रस्ताव पास

**हापुड।** मास्टर प्लॉन 2031 के तहत प्राधिकरण ने अपनी योजनाओं को विस्तार देना शुरू कर दिया है। मेरठ में हुई प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में 22 प्रस्तावों में से 20 प्रस्ताव पास हो गए। इस दौरान अहम प्रस्ताव में प्राधिकरण ने विकास की योजनाओं के लिए गांव धनौरा के जंगल की भूमि को खरीदने का निर्णय लिया है। जल्द ही इसकी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### अधिकारियों द्वारा प्रस्तावों पर हुई चर्चा

दरअसल, मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे की अध्यक्षता में बैठक की शुरू हुई। जिसके बाद प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा प्रस्तावों पर चर्चा शुरू हुई। प्राधिकरण के वीसी डॉ. नितिन गौड़ ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र के विकास को लेकर तत्पर है। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा अपने क्षेत्र को विकसित करने के लिए और भूमि खरीदने की योजना है। जिसके लिए बेहतर कनेक्टिविटी को देखते हुए हापुड़ से मेरठ बाईपास मार्ग पर गांव धनौरा के जंगल की भूमि को किसानों से खरीदा जाएगा। हालांकि कितनी भूमि है इसकी योजना बनाई जा रही है।

### यह प्रस्ताव स्वीकृत किए गए

नगरीय अवस्थापना निधि के 4.78 करोड़ के छह कार्य भी स्वीकृत किए गए है। इनमें गढ़मुक्तेश्वर मेला रोड पर 1.20 करोड़ की लागत से सडक का निर्माण, हिंडालपुर में प्रधानमंत्री आवासीय योजना के परिसर की चारदीवारी के लिए 1.61 करोड़ का कार्य शामिल है।

# पार्षद प्रीति जैन ने 800 लोगों के हेल्थ कार्ड बनवाए

**अब आधार कार्ड नम्बर से ही हर नागरिक की हेल्थ रिपोर्ट आएगी सामने**

● **१ जांच के बाद ली गई दवाइयों का ब्योरा रखने की नहीं होगी जरूरत**



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन के प्रयासों से वैभव खंड में आयुष्मान भारत के अंतर्गत आईडी कार्ड बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा पार्षद कार्यालय पर 27 मई से लगातार कैंप लगाया जा रहा है। पार्षद प्रीति जैन ने बताया कि आधार कार्ड नम्बर से ही अब हर नागरिक की हेल्थ रिपोर्ट सामने आ जाएगी। पुराने दस्तावेजों को संभालने और जांच के बाद ली गई दवाइयों का ब्योरा रखने की जरूरत नहीं होगी। वार्ड में 800 लोगों की स्वास्थ्य विभाग ने आभा आईडी बनाई। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एकीकृत स्वास्थ्य आईडी बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। आधार कार्ड की तर्ज पर ही अब प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनाई जा रही है, जिसमें आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस कार्ड में जन्म से लेकर मृत्यु तक के डाक्टरों द्वारा किए गए इलाज, दी गई दवाइयां, कराई गई जांचें और मेडिकल हिस्ट्री एक क्लिक पर मिल सकेगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देश के बाद आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता संख्या प्रत्येक व्यक्ति का बनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में एक्सप्रेस गार्डन सोसाइटी में शिविर लगाया गया। अब तक कैंप में अधिक लोगों ने अपने हेल्थ कार्ड बनवा रहे है।

# पड़ोसी युवक पर फायरिंग का आरोप

**हापुड़।** हापुड़ में घर के आंगन में खाना बना रही महिला गोली लगने से घायल हो गई। परिवार के लोगों ने महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित परिवार ने गांव के रहने वाले युवक पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव शेखपुर का है। शेखपुर निवासी शशि साढ़े आठ बजे घर के आंगन में खाना बना रही थी। खाना बनाते समय अचानक सिर में गोली आ लगी। गोली लगने से लहुलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ी। गोली चलने का शोर सुनकर परिजनों ने देखा तो गांव का युवक फायरिंग कर रहा है। घायल अवस्था में परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। गोली चलने की सूचना पर सीओ सिटी वरूण मिश्र सहित थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने सफाईकर्मी व मालियों को दीं रूह-अफ़जा की बोतलें







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं वार्ड 39 के पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारी, सुपरवाइजर, माली एवं सभी कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में शरबत रुहअफजा की एक एक बोतल दी। इस अवसर पर हिमांशु लव ने नगर निगम के अधिकारियों की प्रशंसा के साथ उन्हें धन्यवाद दिया कि अधिक गर्मी को देखते हुए उन्होंने कर्मचारियों के कार्य का समय सुबह 5 बजे से दोपहर 11 बजे तक का कर दिया है।



## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति की पारी को अलग अन्दाज से खेलने वाले भाजपा नेता अनिल खेड़ा इन दिनों आध्यात्मिक टूर लगा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कैंची धाम पहुंच कर नीम करोली बाबा का आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने जैसे हो फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड तो कमेंट बॉक्स में बाबा की जयघोष के संदेश आने लगे। भाजपा नेता अनिल खेड़ा की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।